राजस्थान लोक सेवा आयोग अजमेर

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित

लक्ष्य क्लासेज उदयपुर

# RAS PRELIMS EXAM 2024

## राजस्थान प्रशासनिक सेवा

10 OMR Sheets सहित

# 10 मॉडल प्रश्न-पत्र

**विशेषताएँ**

1. परीक्षा की दृष्टि से अतिमहत्वपूर्ण प्रश्नों का व्याख्या सहित हल
2. नवीनतम पाठ्यक्रम पर आधारित प्रश्नों का समावेशन
3. विगत वर्ष के प्रश्नपत्रो के विश्लेषण पर आधारित प्रश्न
4. आर्थिक समीक्षा और बजट पर आधारित प्रश्नों का विशेष समावेश

विशेष: 10 मॉडल प्रश्न-पत्र की बुक के साथ RAS Task-Based Test Series बिलकुल फ्री QR Code स्कैन से पाए।

MRP: ₹220

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान
लक्ष्य क्लासेज™

M. 6376957258, 6376491126
Sector - 4, Main Road, Udaipur (Raj.)

# आर.ए.एस. (प्रारम्भिक परीक्षा)

## लिखित परीक्षा योजना एवं पाठ्यक्रम :-

- प्रारंभिक परीक्षा में नीचे विनिर्दिष्ट विषय पर एक प्रश्न-पत्र होगा, जो वस्तुनिष्ठ प्रकार का होगा और अधिकतम 200 अंकों का होगा। परीक्षा का उद्देश्य केवल स्क्रीनिंग परीक्षण करना है। प्रश्न-पत्र का स्तरमान स्नातक डिग्री स्तर का होगा। ऐसे अभ्यर्थियों द्वारा, जो मुख्य परीक्षा में प्रवेश के लिए अर्हित घोषित किए गए हो, प्रारंभिक परीक्षा में प्राप्त अंकों को उनका अंतिम योग्यता क्रम अवधारित करने के लिए संगणित नहीं किया जाएगा।

| प्रश्न-पत्र | विषय | अधिकतम अंक | समय |
|---|---|---|---|
| I. | सामान्य ज्ञान और सामान्य विज्ञान | 200 | तीन घण्टे |

**नोट :-**
1. प्रश्न-पत्र में बहुविकल्पीय प्रकार के 150 प्रश्न होंगे व सभी प्रश्न समान अंक के होंगे।
2. मूल्यांकन में ऋणात्मक अंकन किया जाएगा, जिसमें प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक काटे जाएंगे।

## पाठ्यक्रम

### राजस्थान का इतिहास, कला, संस्कृति, साहित्य, परम्परा एवं विरासत

- राजस्थान के प्रागैतिहासिक स्थल- पुरापाषाण से ताम्र पाषाण एवं कांस्य युग तक।
- ऐतिहासिक राजस्थान - प्रारम्भिक ईस्वी काल के महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक केन्द्र।
- प्राचीन राजस्थान में समाज, धर्म एवं संस्कृति।
- प्रमुख राजवंशों के महत्त्वपूर्ण शासकों की राजनीतिक एवं सांस्कृतिक उपलब्धियाँ - गुहिल, प्रतिहार, चौहान, परमार, राठौड़, सिसोदिया और कच्छवाहा।
- मध्यकालीन राजस्थान में प्रशासनिक तथा राजस्व व्यवस्था।
- आधुनिक राजस्थान का उदय - 19वीं - 20वीं शताब्दी के दौरान राजस्थान में सामाजिक जागृति के कारक।
- राजनीतिक जागरण - समाचार पत्रों एवं राजनीतिक संस्थाओं की भूमिका।
- 20वीं शताब्दी में जनजाति तथा किसान आन्दोलन, 20वीं शताब्दी के दौरान विभिन्न देशी रियासतों में प्रजामण्डल आन्दोलन।
- राजस्थान का एकीकरण।
- राजस्थान की वास्तु परम्परा मंदिर, किले, महल एवं मानव निर्मित जलीय संरचनाएँ; चित्रकला की विभिन्न शैलियाँ और हस्तशिल्प।
- प्रदर्शन कला - शास्त्रीय संगीत एवं शास्त्रीय नृत्य; लोक संगीत एवं वाद्य; लोक नृत्य एवं नाट्य।
- भाषा एवं साहित्य - राजस्थानी भाषा की बोलियाँ।
- राजस्थानी भाषा का साहित्य एवं लोक साहित्य।
- धार्मिक जीवन - धार्मिक समुदाय, राजस्थान में संत एवं सम्प्रदाय । राजस्थान के लोक देवी-देवता।
- राजस्थान में सामाजिक जीवन मेले एवं त्योहार; सामाजिक रीति-रिवाज तथा परम्पराएँ; वेशभूषा एवं आभूषण।
- राजस्थान के प्रमुख व्यक्तित्व ।

### भारत का इतिहास

**प्राचीनकाल एवं मध्यकाल -**
- भारत के सांस्कृतिक आधार सिन्धु एवं वैदिक काल; छठी शताब्दी ई. पू. की श्रमण परम्परा और नये धार्मिक विचार- आजीवक, बौद्ध तथा जैन।
- प्रमुख राजवंशों के महत्त्वपूर्ण शासकों की उपलब्धियाँ - मौर्य, कुषाण, सातवाहन, गुप्त, चालुक्य, पल्लव एवं चोल।
- प्राचीन भारत में कला एवं वास्तु।
- प्राचीन भारत में भाषा एवं साहित्य का विकास संस्कृत, प्राकृत एवं तमिल ।
- सल्तनतकाल - प्रमुख सल्तनत शासकों की उपलब्धियाँ। विजयनगर की सांस्कृतिक उपलब्धियाँ।
- मुगलकाल - राजनीतिक चुनौतियाँ एवं सुलह-अफगान, राजपूत, दक्कनी राज्य और मराठा।
- मध्यकाल में कला एवं वास्तु, चित्रकला एवं संगीत का विकास।
- भक्ति तथा सूफी आंदोलन का धार्मिक एवं साहित्यिक योगदान।

**आधुनिक काल (प्रारम्भिक 19वीं शताब्दी से 1964 तक) -**
- आधुनिक भारत का विकास एवं राष्ट्रवाद का उदय- बौद्धिक जागरण; प्रेस; पश्चिमी शिक्षा।
- 19वीं शताब्दी के दौरान सामाजिक-धार्मिक सुधारः विभिन्न नेता एवं संस्थाएँ।
- स्वतंत्रता संघर्ष एवं भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन विभिन्न अवस्थाएँ, धाराएँ, महत्त्वपूर्ण योगदानकर्ता एवं देश के अलग- अलग हिस्सों का योगदान।
- स्वातंत्र्योत्तर राष्ट्र निर्माण- राज्यों का भाषायी पुनर्गठन, नेहरू युग में सांस्थानिक निर्माण, विज्ञान एवं तकनीकी का विकास।

### विश्व एवं भारत का भूगोल

**विश्व का भूगोल -**
- प्रमुख स्थलाकृतियाँ- पर्वत, पठार, मैदान एवं मरुस्थल
- प्रमुख नदियाँ एवं झीलें
- कृषि के प्रकार
- प्रमुख औद्योगिक प्रदेश
- पर्यावरणीय मुद्दे - मरुस्थलीकरण, वनोन्मूलन, जलवायु परिवर्तन एवं ग्लोबल वार्मिंग (ऊष्मीकरण), ओजन अवक्षय

**भारत का भूगोल -**
- प्रमुख स्थलाकृतियाँ- पर्वत, पठार एवं मैदान
- मानसून तंत्र व वर्षा का वितरण
- प्रमुख नदियाँ एवं झीलें
- प्रमुख फसलें - गेहूँ, चावल, कपास, गन्ना, चाय एवं कॉफी
- प्रमुख खनिज - लौह अयस्क, मैंगनीज, बॉक्साइट एवं अभ्रक
- ऊर्जा संसाधन - परम्परागत एवं गैर-परम्परागत
- प्रमुख औद्योगिक प्रदेश
- राष्ट्रीय राजमार्ग एवं प्रमुख परिवहन गलियारे

**राजस्थान का भूगोल -**
- प्रमुख भू-आकृतिक प्रदेश एवं उनकी विशेषताएँ
- जलवायु की विशेषताएँ
- प्रमुख नदियाँ एवं झीलें
- प्राकृतिक वनस्पति एवं मृदा
- प्रमुख फसलें- गेहूँ, मक्का, जौ, कपास, गन्ना, एवं बाजरा
- प्रमुख उद्योग
- प्रमुख सिंचाई परियोजनाएँ एवं जल संरक्षण तकनीकें
- जनसंख्या- वृद्धि, घनत्व, साक्षरता, लिंगानुपात एवं प्रमुख जनजातियाँ
- खनिज - धात्विक एवं अधात्विक
- ऊर्जा संसाधन - परम्परागत एवं गैर-परम्परागत
- जैव-विविधता एवं इनका संरक्षण
- पर्यटन स्थल एवं परिपथ

## भारतीय संविधान, राजनीतिक व्यवस्था एवं शासन प्रणाली

**भारतीय संविधानः दार्शनिक तत्त्व -**
- संविधान सभा, भारतीय संविधान की विशेषताएँ, संवैधानिक संशोधन।
- उद्देशिका, मूल अधिकार, राज्य नीति के निदेशक तत्त्व, मूल कर्तव्य।

**भारतीय राजनीतिक व्यवस्था -**
- राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं मंत्रिपरिषद्, संसद, उच्चतम न्यायालय और न्यायिक पुनरवलोकन।
- भारत निर्वाचन आयोग, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक, नीति आयोग, केन्द्रीय सतर्कता आयोग, लोकपाल, केन्द्रीय सूचना आयोग एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग।
- संघवाद, भारत में लोकतांत्रिक राजनीति, गठबंधन सरकारें, राष्ट्रीय एकीकरण करण

## राजस्थान की राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था

**राज्य की राजनीतिक व्यवस्था -**
- राज्यपाल, मुख्यमंत्री और मंत्रिपरिषद्, विधानसभा, उच्च न्यायालय।

**प्रशासनिक व्यवस्था -**
- जिला प्रशासन, स्थानीय स्वशासन एवं पंचायती राज संस्थाएँ।

**संस्थाएँ -**
- राजस्थान लोक सेवा आयोग, राज्य मानवाधिकार आयोग, लोकायुक्त, राज्य निर्वाचन आयोग, राज्य सूचना आयोग।

**लोक नीति एवं अधिकार -**
- लोक नीति, विधिक अधिकार एवं नागरिक अधिकार-पत्र।

## आर्थिक अवधारणाएँ एवं भारतीय अर्थव्यवस्था

**अर्थशास्त्र की मूलभूत अवधारणाएं -**
- बजट निर्माण, बैंकिंग, लोक-वित्त, वस्तु एवं सेवा कर, राष्ट्रीय आय, संवृद्धि एवं विकास का आधारभूत ज्ञान
- लेखांकन- अवधारणा, उपकरण एवं प्रशासन में उपयोग
- स्टॉक एक्सचेंज एवं शेयर बाजार
- राजकोषीय एवं मौद्रिक नीतियाँ
- सब्सिडी, लोक वितरण प्रणाली
- ई-कॉमर्स
- मुद्रास्फीति - अवधारणा, प्रभाव एवं नियंत्रण तंत्र

**आर्थिक विकास एवं आयोजन -**
- अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्र कृषि, उद्योग, सेवा एवं व्यापार क्षेत्रों की वर्तमान स्थिति, मुद्दे एवं पहल।
- प्रमुख आर्थिक समस्याएँ एवं सरकार की पहल, आर्थिक सुधार एवं उदारीकरण।

**मानव संसाधन एवं आर्थिक विकास-**
- मानव विकास सूचकांक
- वैश्विक खुशहाली सूचकांक
- गरीबी एवं बेरोजगारी-अवधारणा, प्रकार, कारण, निदान एवं वर्तमान फ्लैगशिप योजनाएँ।

**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता -**
- कमजोर वर्गों के लिए प्रावधान।

**राजस्थान की अर्थव्यवस्था -**
- अर्थव्यवस्था का वृहत् परिदृश्य
- कृषि, उद्योग व सेवा क्षेत्र के प्रमुख मुद्दे
- संवृद्धि, विकास एवं आयोजना
- आधारभूत संरचना एवं संसाधन
- प्रमुख विकास परियोजनाएँ
- राज्य सरकार की प्रमुख कल्याणकारी योजनाएँ- अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यकों, निःशक्तजनों, निराश्रितों, महिलाओं, बच्चों, वृद्धजनों, कृषकों एवं श्रमिकों के लिए।

## विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

- दैनिक जीवन में विज्ञान के मूलभूत तत्त्व कम्प्यूटर्स, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी
- रक्षा प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी एवं उपग्रह
- नैनो-प्रौद्योगिकी, जैव-प्रौद्योगिकी एवं आनुवंशिक-अभियांत्रिकी
- आहार एवं पोषण, रक्त समूह एवं Rh कारक
- स्वास्थ्य देखभाल; संक्रामक, असंक्रामक एवं पशुजन्य रोग पर्यावरणीय एवं पारिस्थितिकीय परिवर्तन एवं इनके प्रभाव
- जैव-विविधता, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण एवं संधारणीय विकास
- कृषि-विज्ञान, उद्यान-विज्ञान, वानिकी एवं पशुपालन राजस्थान के विशेष संदर्भ में
- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विकास राजस्थान के विशेष संदर्भ में

## तार्किक विवेचन एवं मानसिक योग्यता

**तार्किक दक्षता (निगमनात्मक, आगमनात्मक, अपवर्तनात्मक)-**
- कथन एवं मान्यताएं
- कथन एवं तर्क
- कथन एवं निष्कर्ष
- कथन-कार्यवाही
- विश्लेषणात्मक तर्कक्षमता

**मानसिक योग्यता-**
- संख्या/अक्षर अनुक्रम,
- कूटवाचन (कोडिंग-डीकोडिंग),
- संबंधों से संबंधित समस्याएँ
- दिशा ज्ञान परीक्षण
- तार्किक वेन आरेख
- दर्पण/पानी प्रतिबिम्ब
- आकार और उनके उपविभाजन

**आधारभूत संख्यात्मक दक्षता-**
- अनुपात-समानुपात तथा साझा
- प्रतिशत
- साधारण एवं चक्रवृद्धि ब्याज
- समतलीय चित्रों के परिमाप एवं क्षेत्र
- आँकड़ों का विश्लेषण (सारणी, दण्ड-आरेख, रेखीय आलेख, पाई-चार्ट)
- माध्य (समांतर, गुणोत्तर एवं हरात्मक), माध्यिका एवं बहुलक
- क्रमचय एवं संचय
- प्रायिकता (सरल समस्याएँ)

## समसामयिक घटनाएँ

- राजस्थान, भारतीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय महत्त्व की प्रमुख समसामयिक घटनाएँ एवं मुद्दे
- वर्तमान में चर्चित व्यक्ति, स्थान एवं संस्थाएँ
- खेल एवं खेलकूद संबंधी गतिविधियाँ

♦♦♦♦



**श्री आनंद अग्रवाल**
निदेशक
लक्ष्य क्लासेज, उदयपुर

# दो शब्द...

प्रिय विद्यार्थियों.........

आपके समक्ष राजस्थान राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS) परीक्षा की मॉडल पेपर पुस्तक प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यन्त हर्ष की अनुभूति हो रही है। इस पुस्तक में राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS) परीक्षा के सम्पूर्ण नवीनतम पाठ्यसामग्री पर आधारित मॉडल टेस्ट पेपर्स दिए गए हैं। यह पुस्तक विद्यार्थियों की आगामी RAS परीक्षा की तैयारी को मजबूत बनाने और परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से लिखी गई है।

यह Model Test पेपर्स पूर्णतः RAS परीक्षा पैटर्न पर आधारित है, जिसके तहत राजस्थान का इतिहास, कला, संस्कृति, साहित्य, परम्परा एवं विरासत, भारत का इतिहास, विश्व, भारत एवं राजस्थान का भूगोल, भारतीय संविधान, राजनीतिक व्यवस्था एवं शासन प्रणाली, राजस्थान की राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था, आर्थिक अवधारणाएँ एवं भारतीय अर्थव्यवस्था, राजस्थान की अर्थव्यवस्था, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, तार्किक विवेचन एवं मानसिक योग्यता एवं आधारभूत संख्यात्मक दक्षता, राजस्थान, भारतीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय महत्त्व की प्रमुख समसामयिक घटनाएँ एवं मुद्दों से संबंधित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का संकलन किया गया है। इस पुस्तक को विषय विशेषज्ञों ने अपने विशिष्ट अनुभव व कौशल से तैयार किया हैं। आप इस Model Test पेपर्स बुकलेट के माध्यम से परीक्षा के पैटर्न को समझ सकते हैं और अपनी तैयारी के लिए एक बेहतर रणनीति तैयार कर सकते हैं।
इस पुस्तक में कुल 10 मॉडल टेस्ट पेपर्स व्याख्यात्मक हल के साथ दिए गए हैं, जिनसे आप एक प्रश्न के साथ साथ तीन-चार नए प्रश्न भी तैयार कर सकते है। इसके साथ ही 10 OMR SHEETS भी दी गई है जिनके माध्यम से आप परीक्षा पूर्व परीक्षा का बेहतर अभ्यास कर सकते हैं। हम आशा करते हैं कि इस Model Test पेपर्स पुस्तक की सहायता से आप परीक्षा में अधिक से अधिक अंक प्राप्त कर सकें।

अंततः यह कहा जा सकता है कि यह पुस्तक राजस्थान प्रशासनिक सेवा (RAS) परीक्षा के प्रतिभागियों के लिए अत्यंत लाभप्रद है।

लक्ष्य परिवार आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

आनंद अग्रवाल
निदेशक, लक्ष्य क्लासेज

# विषय - वस्तु


| क्रम संख्या | अध्याय | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | मॉडल पेपर - 1 | 1 - 29 |
| 2. | मॉडल पेपर - 2 | 30 - 56 |
| 3. | मॉडल पेपर - 3 | 57 - 83 |
| 4. | मॉडल पेपर - 4 | 84 - 109 |
| 5. | मॉडल पेपर - 5 | 110 - 137 |
| 6. | मॉडल पेपर - 6 | 138 - 165 |
| 7. | मॉडल पेपर - 7 | 166 - 195 |
| 8. | मॉडल पेपर - 8 | 196 - 221 |
| 9. | मॉडल पेपर - 9 | 222 - 242 |
| 10. | मॉडल पेपर - 10 | 243 - 269 |

# मॉडल पेपर - 01

**1. 'काठ का रैन बसेरा' महल राजस्थान के किस जिले में है?**
(a) अजमेर (b) उदयपुर
(c) जोधपुर (d) झालावाड़
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**2. निम्नलिखित में से कौन-सा (शासक-चित्रकला शैली) सही सुमेलित नहीं है?**
(a) अनूपसिंह – बीकानेर
(b) राजसिंह प्रथम - नाथद्वारा
(c) सावंतसिंह – किशनगढ़
(d) विजयसिंह – देवगढ़
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**3. निम्नलिखित में से पण्डित जसराज का सम्बन्ध किस घराने से है?**
(a) मेवाती घराने से (b) जयपुर घराने से
(c) डागर घराने से (d) अतरौली घराने से
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**4. निम्नलिखित में से यूनेस्को ने राजस्थान के 6 पहाड़ी किलों को विश्व धरोहर सूची में शामिल किया है, ये हैं-**
(a) चित्तौड़गढ़, कुम्भलगढ़, रणथम्भौर, आमेर, जैसलमेर, गागरोण
(b) चितौड़गढ़, कुम्भलगढ़, रणथम्भौर, आमेर, जैसलमेर, बीकानेर
(c) चित्तौड़गढ़, कुम्भलगढ़, रणथम्भौर, आमेर, जैसलमेर, जोधपुर
(d) चित्तौड़गढ़, कुम्भलगढ़, रणथम्भौर, आमेर, गागरोण, जोधपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**5. विमल शाह द्वारा निर्मित प्रसिद्ध जैन मंदिर निम्नलिखित में से कहाँ अवस्थित है?**
(a) ओसियां (b) उदयपुर
(c) जालौर (d) देलवाड़ा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**6. मेवाड़ी भाषा में योगसूत्र, भगवद्गीता एवं सांख्यकारिका ग्रंथों की रचना किसने की?**
(a) चतुरसिंह
(b) पृथ्वीराज राठौड़
(c) दुरसा आढा
(d) शिवदास
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**7. निम्नलिखित में से राजस्थान के किस क्षेत्र से अलीबख्शी ख्याल सम्बद्ध है?**
(a) बीकानेर
(b) मुण्डावर
(c) चिड़ावा
(d) मेवाड़
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**8. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सुमेलित नहीं है?**
(a) कछाबू - आदिवासी महिलाओं द्वारा पहना जाने वाला तंग घाघरा।
(b) लंगोटा - आदिवासी महिलाओं का कमर से ऊपर का वस्त्र।
(c) खपटा - सहरिया जनजाति के पुरुषों द्वारा पहना गया साफा/पगड़ी।
(d) ढेपाड़ा - आदिवासी महिलाओं का घाघरा।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**9. राजस्थान के लोक नृत्य एवं उसके प्रचलन क्षेत्र के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही नहीं है?**
(a) गींदड़ नृत्य - शेखावाटी
(b) ढोल नृत्य - जालौर
(c) बमरसिया नृत्य - बीकानेर
(d) डांडिया नृत्य - मारवाड़
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**10. 11 कमरों वाला विशाल भवन निम्नलिखित में से किस सभ्यता स्थल से प्राप्त हुआ है?**
(a) आहड़ (b) बालाथल
(c) बागोर (d) गिलूण्ड
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**11. मारवाड़ के चन्द्रसेन ने मुगलों से संघर्ष के लिए किस स्थान पर सेना को संगठित किया था?**
(a) कानूजा (b) देसूरी
(c) भाद्राजूण (d) हीराबाड़ी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**12. जयपुर नरेश सवाई जयसिंह ने अपनी पुत्री कृष्णा कुमारी का विवाह किसके साथ किया था?**
(a) जसवंत सिंह प्रथम (b) भीम सिंह
(c) दलेल सिंह (d) राम सिंह प्रथम
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**13. 20 जनवरी, 1858 को किस अंग्रेज अधिकारी ने आउवा पर आक्रमण कर उस पर अधिकार कर लिया था?**
(a) कैप्टन ईडन (b) चार्ल्स मैटकॉफ
(c) कैप्टन लूडलो (d) कर्नल होम्स
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**14. कोटा प्रजाण्डल के संबंध में कौन-सा कथन सत्य है?**
(a) इस प्रजामण्डल की स्थापना वर्ष 1932 में की गई।
(b) इसकी स्थापना राज्य से बाहर बम्बई में हुई थी।
(c) इसके अध्यक्ष पंडित नयनूराम शर्मा को बनाया गया।
(d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**15. राजस्थान के एकीकरण के समय राज्य की सर्वाधिक जनसंख्या वाली रियासत कौन-सी थी?**
(a) मेवाड़ (b) मारवाड़
(c) जैसलमेर (d) जयपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**16. प्राचीन नगर तक्षशिला निम्नलिखित में से किन नदियों के बीच स्थित था?**
(a) सिन्धु तथा झेलम (b) सतलज तथा चिनाब
(c) चिनाब तथा रावी (d) रावी तथा व्यास
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**17. चन्हूदड़ो के उत्खनन का निर्देशन निम्नलिखित में से किसने किया था?**
(a) जे.एच. मैके (b) सर जॉन मार्शल
(c) आई. ई. एम व्हीलर (d) सर ऑरेल स्टेन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**18. जैन धर्म के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. महावीर स्वामी ने स्यादवाद का मार्ग अपनाया।**
**2. अनेकांतवाद के अनुसार किसी वस्तु के अनेक धर्म होते हैं।**
**3. जैन धर्म के अनुसार अज्ञान बंधन का कारण है।**
**उपर्युक्त में कौन-से कथन सही हैं?**
**कूट-**
(a) 1 और 2 (b) 2 और 3
(c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**19. चंगेज खाँ के अधीन मंगोलों ने किसके शासनकाल में भारत पर आक्रमण किया था?**
(a) बलबन के शासनकाल में
(b) फिरोज तुगलक के शासनकाल में
(c) इल्तुतमिश के शासनकाल में
(d) मुहम्मद बिन तुगलक के शासनकाल में
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**20. मुगलकालीन उच्चाधिकारियों और उनके कार्यों से संबंधित युग्मों पर विचार कीजिए-**
**1. मीर-आतिश - शाही तोपखाने का प्रधान।**
**2. दीवान-ए-तन - राज्य के सारे समाचार केंद्र का भेजना था।**
**3. मुसद्दी - राज्य की आय-व्यय का लेखा-जोखा रखता था।**
**निम्नलिखित में से कौन-सा/से युग्म सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) 2 और 3
(c) केवल 3 (d) 1 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**21. निम्नलिखित में से किसके बारे में यह माना गया कि वह 1857 में, ब्रिटिश शासन के विरुद्ध षड्यन्त्रकारी संन्यासियों और फकीरों का नेता था?**
(a) मंगल पांडे (b) बहादुर शाह II
(c) रानी जीनत महल (d) नाना साहिब
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**22. 'भारत सेवक समाज' की स्थापना किसने की थी?**
(a) बाल गंगाधर तिलक
(b) गोपालकृष्ण गोखले
(c) सुरेन्द्रनाथ बनर्जी
(d) दादाभाई नौरोजी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**23. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए हुए कूट का प्रयोग करते हुए सही उत्तर का चयन कीजिए-**

| सूची-I | सूची -II |
|---|---|
| A. बटलर समिति रिपोर्ट | 1. जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड |
| B. हार्टुंग समिति रिपोर्ट | 2. भारतीय राज्यों और सर्वोच्च शक्ति के बीच सम्बन्ध |
| C. हण्टर जाँच समिति | 3. माण्टेग्यू-चेम्सफोर्ड रिपोर्ट |
| D. मुडिमैन समिति रिपोर्ट | 4. ब्रिटिश भारत में शिक्षा की अभिवृद्धि और प्रगति की सम्भावनाएँ |

**कूट-**
(a) A- 3 B- 2 C- 1 D- 4
(b) A- 1 B- 4 C- 2 D- 3
(c) A- 2 B- 1 C- 3 D- 4
(d) A- 2 B- 4 C- 1 D- 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**24. भारत के विभाजन के समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष थे-**
(a) सी. राजगोपालाचारी
(b) जे. बी. कृपलानी
(c) जवाहरलाल नेहरू
(d) मौलाना अब्दुल कलाम आजाद
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**25. नीचे दिए गए विद्रोहों में से किसको बंकिम चन्द्र चटर्जी ने अपने उपन्यास आनन्द मठ में उल्लेख किया है?**
(a) कौल विद्रोह (b) रंगपुर विद्रोह
(c) संथाल विद्रोह (d) संन्यासी विद्रोह
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**26. 1857 ई. के विद्रोह के दौरान निम्नलिखित में से किस क्रान्तिकारी को उसके मित्र ने धोखा दिया तथा जिसे अंग्रेजों द्वारा बन्दी बनाकर फांसी पर चढ़ा दिया गया?**
(a) रानी लक्ष्मी बाई (b) मंगल पांडे
(c) खान बहादुर खान (d) तात्या टोपे
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**27. 'लेक्चर्स फ्रॉम कोलम्बो टू अल्मोड़ा' किसके अनुभवों पर आधारित पुस्तक है?**
(a) लाला लाजपत राय (b) एनी बेसेन्ट
(c) रामकृष्ण परमहंस (d) स्वामी विवेकानंद
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**28. निम्नलिखित युद्धों का सही अनुक्रम बताइए-**
(1) कन्नौज का युद्ध (2) खानवा का युद्ध
(3) पानीपत का तीसरा युद्ध (4) पानीपत का पहला युद्ध
**नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) 4, 2, 1, 3 (b) 4, 3, 2, 1
(c) 1, 2, 3, 4 (d) 3, 4, 2, 1
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**29. कामागाटामारू जहाज पर सवार गदर क्रांतिकारियों की अंग्रेजी सेना के साथ भिड़न्त किस स्थान पर हुई?**
(a) गोवा (b) कालीकट
(c) विशाखापत्तनम (d) कलकत्ता
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**30. निम्नांकित वायसरायों को ऐतिहासिक क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए-**
**(1) लॉर्ड नॉर्थबुक (2) लॉर्ड डफरिन**
**(3) लॉर्ड लिटन (4) लॉर्ड मेयो**
**(5) लॉर्ड रिपन**
**नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन करें-**
(a) 3, 2, 4, 5, 1 (b) 4, 1, 3, 5, 2
(c) 5, 1, 4, 3, 2 (d) 1, 3, 4, 2, 5
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**31. ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना कब हुई थी?**
(a) अठाहरवीं शताब्दी के आरंभ में
(b) सोलहवीं शताब्दी के आरंभ में
(c) सोलहवीं शताब्दी के अंत में
(d) सत्रहवीं शताब्दी के आरंभ में
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**32. सरदरया और अमुदरया नदियाँ गिरती हैं-**
(a) कैस्पियन सागर में
(b) काला सागर में
(c) बाल्टिक सागर में
(d) अरल सागर में
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**33. निम्नांकित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है ?**
(a) बर्मिंघम - जलपोत निर्माण
(b) मैग्निटोगोर्स्क - लोहा तथा इस्पात
(c) जोहॉन्सबर्ग - सोना खनन
(d) डेट्रायट - ऑटोमोबाइल्स
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**34. कोपेन के विश्व जलवायु वर्गीकरण के अनुसार 'Aw' हेतु निम्नलिखित में से कौन-सा वर्णन सही है?**
(a) शुष्क जलवायु
(b) उष्ण कटिबंधीय आर्द्र जलवायु
(c) उष्ण शीतोष्ण जलवायु
(d) उष्ण कटिबंधीय सवाना जलवायु
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**35. हिमालय की पर्वत शृंखलाओं के ऊँचाई के आधार पर उनके घटते हुए क्रम (उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम) के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा क्रम सही है?**
(a) शिवालिक, लद्दाख, पीरपंजाल, जास्कर
(b) जास्कर, पीरपंजाल, लद्दाख, शिवालिक
(c) लद्दाख, जास्कर, पीरपंजाल, शिवालिक
(d) लद्दाख, शिवालिक, जास्कर, पीरपंजाल
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**36. निम्नलिखित सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए-**

| **सूची-I (प्रपात)** | **सूची-II (नदी का नाम)** |
|---|---|
| **(1) जोग प्रपात** | **(i) कावेरी** |
| **(2) दूध सागर** | **(ii) मचकुंद** |
| **(3) शिव समुद्रम्** | **(iii) मंडोरी** |
| **(4) दुदुमा** | **(iv) शरावती** |

**दिए गए विकल्प में से सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) (1)- (i), (2)- (iv), (3)- (iii), (4)- (ii)
(b)(1)- (ii), (2)- (iv), (3)- (iii), (4)- (i)
(c) (1)- (iv), (2)- (iii), (3)- (i), (4)- (ii)
(d) (1)- (iii), (2)- (i), (3)- (iv), (4)- (ii)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कर सही उत्तर का चयन कीजिए-**
**कथन (A): भारत मूलत: एक मानूसनी जलवायु वाला देश है।**
**कारण (R): उच्च हिमालय उसे जलवायु सम्बन्धी विशिष्टता प्रदान करता है।**
(a) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही स्पष्टीकरण है।
(b) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही स्पष्टीकरण नहीं है।
(c) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है।
(d) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**38. निम्नलिखित सूचियों को सुमेलित कीजिए-**

| **खनिज** | **सम्बन्धित क्षेत्र** |
|---|---|
| **(A) ताँबा** | **(i) बालाघाट एवं छिन्दवाड़ा** |
| **(B) लौह अयस्क** | **(ii) बादाम पहाड़ तथा कुद्रेमुख** |
| **(C) जस्ता** | **(iii) खेतड़ी एवं मानभण्डार** |
| **(D) मैंगनीज** | **(iv) जावर** |

**कूट-**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (b) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (c) | (iv) | (i) | (iii) | (ii) |
| (d) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

(e) अनुत्तरित प्रश्न

**39. कृषि के सन्दर्भ में निम्नलिखित सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए-**

| **सूची-I** | **सूची-II** |
|---|---|
| **(1) एपिकल्चर** | **(i) फलों का अध्ययन** |
| **(2) ओलेरिकल्चर** | **(ii) अंगूर की खेती** |
| **(3) पोमोलॉजी** | **(iii) सब्जियों की खेती** |
| **(4) विटीकल्चर** | **(iv) मधुमक्खी पालन** |

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए-**
(a) (1)- (i), (2)- (ii), (3)- (iii), (4)- (iv)
(b) (1)- (ii), (2)- (i), (3)- (iii), (4)- (iv)
(c) (1)- (iv), (2)- (iii), (3)- (i), (4)- (ii)
(d) (1)- (iii), (2)- (ii), (3)- (iv), (4)- (i)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**40. 'रेड-डेटा बुक' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?**
(a) यह उन पादपों एवं प्राणियों की सूची है, जो लाल सागर में विद्यमान है।
(b) यह उन जातियों के संबंध में आँकड़े प्रस्तुत करती है जो विलुप्त हो चुकी है।
(c) यह उन वन्य जीव व वनस्पति प्रजातियों के संबंध में आँकड़े प्रस्तुत करती है जो विलोपन से संकटापन्न हैं।
(d) यह लाल वर्णकधारी पादपों एवं प्राणियों की सूची है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**41. निम्नलिखित सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए-**

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| (A) सुभाषचंद्र बोस एयरपोर्ट | I. देहरादून |
| (B) राजीव गांधी एयरपोर्ट | II. कोलकाता |
| (C) कंपा गौडा एयरपोर्ट | III. बेंगलुरु |
| (D) जॉली ग्रान्ट एयरपोर्ट | IV. हैदराबाद |

**कूट-**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | A-IV | B-III | C-II | D-I |
| (b) | A-II | B-IV | C-III | D-I |
| (c) | A-II | B-IV | C-I | D-III |
| (d) | A-IV | B-II | C-I | D-III |

(e) अनुत्तरित प्रश्न

**42. राजस्थान में 'मालपुरा-करौली का मैदान' निम्नलिखित में से किस नदी बेसिन का भाग है?**
(a) बाणगंगा बेसिन (b) लूनी बेसिन
(c) बनास बेसिन (d) यमुना बेसिन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**43. राजस्थान को वी.सी. मिश्रा ने कितने भौगोलिक प्रदेशों में बाँटा है?**
(a) चार (b) पाँच
(c) सात (d) तीन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**44. राजस्थान को दो स्पष्ट जलवायु भागों में विभाजित करने वाली वर्षा रेखा कौन-सी है?**
(a) 25 सेमी. (b) 50 सेमी.
(c) 75 सेमी. (d) 45 सेमी.
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**45. राजस्थान में सर्वाधिक वायु अपरदन वाला जिला कौन-सा है?**
(a) जोधपुर ग्रामीण (b) धौलपुर
(c) चूरू (d) जैसलमेर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**46. बिजराल की पहाड़ी से निकलने वाली खारी नदी निम्नलिखित में से किस अपवाह तंत्र का भाग है?**
(a) बंगाल की खाड़ी (b) अनिश्चित अपवाह
(c) आन्तरिक अपवाह (d) अरब सागरीय
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**47. 'नटनी का चबूतरा' निम्नलिखित में से किस झील में निर्मित है?**
(a) जयसमंद झील (b) पिछोला झील
(c) नक्की झील (d) सांभर झील
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**48. निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म अपारम्परिक ऊर्जा स्रोत का है?**
(a) पवन, सौर, भूतापीय ऊर्जा
(b) पेट्रोलियम, कोयला, सौर ऊर्जा
(c) पेट्रोलियम, कोयला, भूतापीय ऊर्जा
(d) पवन, पेट्रोलियम, सौर ऊर्जा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**49. अनुसूचित जनजाति के प्रतिशत (वर्ष 2011 की जनगणना) के अनुसार जिलों का सही अवरोही क्रम निम्नलिखित में से है-**
(a) डूंगरपुर, बाँसवाड़ा, उदयपुर, प्रतापगढ़
(b) बाँसवाड़ा, डूंगरपुर, प्रतापगढ़, उदयपुर
(c) डूंगरपुर, उदयपुर, प्रतापगढ़, बाँसवाड़ा
(d) बाँसवाड़ा, प्रतापगढ़, उदयपुर, डूंगरपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**50. राजस्थान में बेरिलियम उत्पादक के दो प्रमुख जिले निम्नलिखित में से कौन-से हैं?**
(a) उदयपुर और जयपुर (b) अलवर और सीकर
(c) नागौर और पाली (d) सिरोही और डूंगरपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**51. भारत का राष्ट्रपति राष्ट्रीय आपात की घोषणा कर सकता है, यदि निम्नलिखित में से खतरा हो-**
**1. बाहरी आक्रमण का 2. आंतरिक अशांति का**
**3. सशस्त्र विद्रोह का 4. सांप्रदायिक संघर्ष का**
**नीचे दिए गए कूटों की सहायता से सही उत्तर चुनिए-**
(a) केवल 1 व 2 (b) केवल 1 व 3
(c) केवल 3 व 4 (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**52. संसद किसी विशिष्ट उद्देश्य हेतु कोई समिति नियुक्त करती है, तो वह समिति कहलाती है-**
(a) स्टैण्डिंग समिति (b) संयुक्त समिति
(c) तदर्थ समिति (d) स्थायी समिति
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**53. संसद में लोक लेखा समिति का अध्यक्ष निम्नलिखित में से कौन होता है?**
(a) विपक्षी दल का नेता (b) लोकसभा का अध्यक्ष
(c) लोकसभा का उपाध्यक्ष (d) राज्यसभा का अध्यक्ष
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**54. किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की पेंशन भारित होती है-**
(a) राज्य के लोक लेखा पर (b) भारत की संचित निधि पर
(c) भारत के लोक लेखा पर (d) राज्य की संचित निधि पर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**55. राज्य नीति के निदेशक सिद्धान्तों के निम्नलिखित अनुच्छेदों में से कौन-सा अनुच्छेद अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा की अभिवृद्धि से सम्बन्धित है?**
(a) अनुच्छेद - 51 (b) अनुच्छेद - 48(क)
(c) अनुच्छेद – 43 (क) (d) अनुच्छेद – 41
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**56. भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में सरकारी रोजगार में नागरिकों के लिए समान अवसरों का प्रावधान किया गया है?**
(a) अनुच्छेद-23 (b) अनुच्छेद-27
(c) अनुच्छेद-22 (d) अनुच्छेद-16
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**57. निम्नलिखित में से किस संशोधन में यह विहित किया गया है कि मंत्रिपरिषद्, लोकसभा अथवा राज्यों की विधानसभा के सदस्यों की कुल संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी?**
(a) 91वें संशोधन
(b) 96वें संशोधन
(c) 97वें संशोधन
(d) 90वें संशोधन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**58. भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
**I. वह केन्द्र और राज्यों का लेखा परीक्षण का कार्य करता है।**
**II. वह केन्द्र और राज्य सरकारों के लेखों से संबंधित रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपता है।**
**III. वह अपने पद पर नहीं रहने के पश्चात् भारत सरकार या राज्य सरकार के अधीन किसी और पद का पात्र नहीं होगा।**
(a) केवल III
(b) केवल I और II
(c) केवल I और III
(d) I, II और III
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**59. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष व सदस्यों की नियुक्ति के लिए गठित समिति में निम्नलिखित में से कौन-कौन शामिल होते हैं?**
**(I) प्रधानमंत्री**
**(II) लोकसभा अध्यक्ष**
**(III) राज्यसभा का सभापति**
**(IV) दोनों सदनों के विपक्षी नेता**
**(V) केन्द्रीय गृह मंत्री**
**नीचे दिए गए कूटों में से सही कूट का चयन कीजिए-**
(a) I, II, IV और V
(b) II, III और IV
(c) III, IV और V
(d) I, II, III, IV और V
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**60. भारतीय निर्वाचन आयोग के निम्नलिखित में से कौन-कौन-से कार्य हैं-**
**i. संसद एवं राज्य विधानमण्डल के सभी चुनाव करवाना।**
**ii. राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति पद के लिए चुनाव करवाना।**
**iii. किसी राज्य में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए अनुकूल दशा न होने पर राष्ट्रपति शासन लगाए जाने की संस्तुति करना।**
**iv. निर्वाचन सूचियाँ तैयार करवाने के कार्य का निरीक्षण, निर्देशन एवं नियंत्रण।**
**उपर्युक्त कथनों में से सही कथन का चयन कीजिए-**
**कूट-**
(a) i, ii एवं iii (b) i, ii एवं iv
(c) i, iii एवं iv (d) i, ii, iii एवं iv
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**61. महान्यायवादी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करते सही कथनों का चयन कीजिए-**
**(1) महान्यायवादी केन्द्रीय कैबिनेट का सदस्य नहीं होता है।**
**(2) संसद के दोनों सदनों की बैठक में भाग ले सकता है।**
**(3) उसे निजी विधिक कार्यवाही करने से रोका जा सकता है।**
**कूट-**
(a) केवल 1 और 3 (b) केवल 2 और 3
(c) 1, 2 और 3 (d) केवल 1 और 2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**62. निम्नलिखित में से संसद की संयुक्त बैठकों का आयोजन कौन करवाता है?**
(a) केन्द्रीय गृहमंत्री (b) लोकसभा अध्यक्ष
(c) राष्ट्रपति (d) सर्वोच्चय न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**63. केशवानन्द भारती वाद के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. प्रस्तावना भारतीय संविधान का एक भाग है।**
**2. प्रस्तावना में संशोधन (मूलभूत ढाँचे के अलावा) किया जा सकता है।**
**3. संविधान के निर्वाचन में प्रस्तावना का बहुत बड़ा महत्त्व है।**
**4. प्रस्तावना न्याय योग्य नहीं है अर्थात् इसके आधार पर कोई निर्णय नहीं दिया जा सकता है।**
**उपर्युक्त कथनों में से सही कथन का चयन कीजिए-**
(a) केवल 2 व 3 (b) 1, 2 व 4
(c) केवल 1 व 3 (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**64. राष्ट्रपति के निर्वाचक मंडल के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**
**1. राष्ट्रपति के निर्वाचक मंडल में संसद के दोनों सदनों (लोकसभा तथा राज्यसभा) के निर्वाचित सदस्य होते हैं।**
**2. निर्वाचक मंडल में राज्यों की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य होते हैं।**
**कूट-**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 व 2 दोनों (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**65. भारत में जनहित याचिका (PIL) का जनक किसे कहा जाता है?**
(a) एम. हिदायतुल्ला (b) ए.एम. अहमदी
(c) ए. एस. आनन्द (d) पी. एन. भगवती
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**66. राज्यपाल के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**(1) राज्यपाल के विभिन्न कार्यों में सहायता तथा सलाह हेतु एक मंत्रिपरिषद् होती है जिसका प्रमुख मुख्यमंत्री होता है।**
**(2) राज्यपाल, राज्य की मंत्रिपरिषद् द्वारा उसके स्वविवेकी कार्यों के लिए दी गई सलाह को मानने के लिए बाध्य है।**
**उपर्युक्त कथन/कथनों में से सत्य कथन का चयन कीजिए-**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 व 2 दोनों (d) 1 व 2 दोनों नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**67. राज्य लोक सेवा आयोग की संरचना के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
**(1) राज्य लोक सेवा आयोग के आधे सदस्यों को भारत सरकार या राज्य सरकार के अधीन कम से कम 5 वर्ष काम करने का अनुभव होना चाहिए।**
**(2) संविधान में राज्यपाल को अध्यक्ष, सदस्यों की संख्या व शर्तें निर्धारित करने का अधिकार दिया गया।**
**कूट-**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 व 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**68. भारत में उच्च न्यायालयों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**i. देश में कुल 18 उच्च न्यायालय हैं।**
**ii. उच्च न्यायालयों में से तीन का क्षेत्राधिकार एक से अधिक राज्य पर है।**
**iii. किसी भी संघ-राज्य क्षेत्र का अपना उच्च न्यायालय नहीं है।**
**iv. उच्च न्यायालय के न्यायाधीश 62 वर्ष की आयु तक पद रह सकते हैं।**
**उपर्युक्त कूटों में से सही कथन/कथनों का चयन कीजिए-**
(a) केवल iv (b) ii और iii
(c) ii और iv (d) i, ii और iv
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**69. राज्य के मुख्य सचिव के सन्दर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**i. मुख्य सचिव को सम्बंधित राज्य के राज्यपाल द्वारा नियुक्त किया जाता है।**
**ii. राज्य में मुख्य सचिव का निश्चित कार्यकाल होता है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) केवल i (b) केवल ii
(c) i और ii दोनों (d) न तो i, न ही ii
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**70. विधानसभा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कर निम्नलिखित में से सत्य कथन का चयन कीजिए-**
**(1) विधानसभा क्षेत्र में डाले गए वैध मतों का 1/6 प्राप्त करने पर जमानत राशि उम्मीदवार को वापस लौटा दी जाती है।**
**(2) विधानसभा चुनाव में निर्वाचन के लिए सामान्य वर्ग के प्रत्याशी को 10,000 रुपये जमानत राशि जमा करवानी पड़ती है।**
**कूट-**
(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 व 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**71. निम्नलिखित सूचियों को सुमेलित कीजिए-**

| समिति | अध्यक्ष |
|---|---|
| 1. पंचायतों के प्रशासन एवं वित्तीय मामलों के लिए समिति | A. जी. वी. के. राव |
| 2. ग्रामीण विकास एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम की प्रशासनिक व्यवस्था के लिए समिति | B. गिरधारीलाल व्यास |
| 3. पंचायती राज प्रशिक्षण केन्द्रों पर गठित समिति | C. एस.बी.मिश्रा |
| 4. पंचायत एवं सहकारी समितियों पर गठित कार्य दल | D. जी. रामचंद्रन |

**कूट-**
(a) 1–B, 2–A, 3–D, 4–C
(b) 1–A, 2–B, 3–C, 4–D
(c) 1–B, 2–D, 3–A, 4–C
(d) 1– D, 2–C, 3–B, 4–A
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**72. जिला दण्डनायक के रूप में जिला कलेक्टर की शक्तियाँ के सन्दर्भ में विचार कीजिए-**
**1. पुलिस पर नियंत्रण**
**2. विदेशियों के पारपत्रों की जाँच करना।**
**3. कानून व व्यवस्था बनाए रखना।**
**4. भू-राजस्व एकत्र करना।**
**उपर्युक्त कथनों में से सही कौन-से हैं?**
(a) 2 व 4
(b) 1, 2 व 4
(c) 1, 2 व 3
(d) 1, 2, 3 व 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**73. 12वीं अनुसूची में शामिल नगरपालिकाओं के अधिकारों में कौन-सा/से नहीं है/हैं**
**1. अग्निशमन सेवाएँ**
**2. महिला एवं बाल विकास**
**3. नगरीय निर्धनता उन्मूलन**
**4. वधशालाओं और चर्म शोधनशालाओं का विनियमन**
**कूट-**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) केवल 3 व 4 (d) 1, 3 व 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**74. यदि किसी राज्य की विधानसभा का अध्यक्ष (स्पीकर) पद त्यागना चाहे तो वह अपना त्याग-पत्र किसे देगा?**
(a) मुख्यमंत्री को
(b) राज्यपाल को
(c) विधानसभा उपाध्यक्ष को
(d) भारत के राष्ट्रपति को
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**75. राज्य मानवाधिकार आयोग एक ............ है।**
(a) सांविधिक निकाय (b) संवैधानिक निकाय
(c) एक बहुसदस्यीय संस्था (d) a और c दोनों
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**76. एक 60 लीटर के मिश्रण में दूध तथा पानी का अनुपात 5:3 है। यदि इसका अनुपात 1:2 करना हो, तो मिश्रण में मिलाए जाने वाले पानी की मात्रा होगी-**
(a) 48.5 लीटर (b) 58.5 लीटर
(c) 52.5 लीटर (d) 22.5 लीटर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**77. A, B तथा C ने क्रमशः ₹13600, ₹8500 तथा ₹11900 लगाकर एक व्यापार प्रारंभ किया। यदि वर्ष के अंत में C को ₹560 का लाभ हुआ तो B का लाभ क्या होगा?**
(a) ₹500 (b) ₹700
(c) ₹450 (d) ₹400
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**78. एक आदमी अपनी आय 50% खाने-पीने और रहने में खर्च करता है, शेष का 25% परोपकार में खर्च करता है। अगर उसके पास 4200 रु. बचते हैं, तो उसकी आय कितनी है?**
(a) ₹ 14000 (b) ₹ 8000
(c) ₹ 11200 (d) ₹ 18000
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**79. किसी आयताकार घास के मैदान की माप 112 मीटर x 78 मीटर है। इस मैदान के अंदर 2.5 मीटर चौड़ा कंकड़ का एक रास्ता है। रास्ते का क्षेत्रफल निकाले तथा ₹2 प्रति वर्ग मीटर की दर से इसे बनाने की लागत बताएँ–**
(a) 825 मी$^2$, ₹ 1650 (b) 925 मी$^2$, ₹ 1850
(c) 1025 मी$^2$, ₹ 2025 (d) 1080 मी$^2$, ₹ 2160
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**80. ₹2000 की राशि चक्रवृद्धि ब्याज पर 2 वर्ष में ₹ 4000 हो जाती है। वह राशि कितने वर्षों में ₹ 8000 हो जाएगी?**
(a) 2 (b) 4
(c) 6 (d) 8
(e) अनुत्तरित प्रश्न


**81. संख्याओं 5, 17, 68, 17, 32, 45, 64, 37, 93, 45, 78, 32, 35 और 45 की माध्यिका ज्ञात करें-**
(a) 42 (b) 44
(c) 41 (d) 43
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**82. निम्न बारम्बारता बंटन का माध्य ज्ञात कीजिए–**


| x | 2 | 5 | 7 | 9 | 11 |
|---|---|---|---|---|---|
| f | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 |

(a) 6.4 (b) 4.5
(c) 7.55 (d) 3.5
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**निर्देश (83-84) : नीचे दिए गए पाई-चार्ट को ध्यान से पढ़िए और इन प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**
**पाँच भिन्न-भिन्न खेल खेलने वाले खिलाड़ियों का प्रतिशत वार वितरण कुल खिलाड़ी 4200 हैं, जिसमें से महिला खिलाड़ी 2000 के बराबर हैं।**
**कुल खिलाड़ी = 4200**
**भिन्न-भिन्न खेल खेलने वाले खिलाड़ियों का प्रतिशत**




**महिला खिलाड़ी = 2000**
**भिन्न-भिन्न खेल खेलने वाली महिला खिलाड़ियों का प्रतिशत**




**83. लॉन टेनिस खेलने वाली महिला खिलाड़ियों की संख्या और रग्बी खेलने वाले पुरुष खिलाड़ियों की संख्या के बीच कितना अंतर है?**
(a) 94
(b) 84
(c) 220
(d) 240
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**84. क्रिकेट खेलने वाली महिला खिलाड़ियों की संख्या का हॉकी खेलने वाले पुरुष खिलाड़ियों की संख्या से क्रमश: अनुपात कितना है?**
(a) 20 : 7
(b) 4 : 21
(c) 20 : 3
(d) 3 : 20
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**85. एक बॉक्स में 18 गेंदें है, जिनमें से 8 सफेद गेंदें हैं, 6 नीली गेंदें हैं और बाकी पीली गेंदें हैं। यदि दो गेंदों को बॉक्स से बेतरतीब तरीके से लिया जाता है, तो इसकी कितनी प्रायिकता है की इनमें से एक पीली और दूसरी नीली है?**
(a) 7/51
(b) 4/29
(c) 6/49
(d) 8/51
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**86. यदि किसी सांकेतिक भाषा में ROAD शब्द का कोड WZLI हो, तो उसी सांकेतिक भाषा में IRON शब्द का कोड क्या होगा?**
(a) MILR
(b) MRIL
(c) MLIR
(d) RILM
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**87. 5, 7, 17, 55, ?**
(a) 215
(b) 225
(c) 315
(d) 425
(e) अनुत्तरित प्रश्न


**88. रवि 10 मी. उत्तर की ओर चलता है फिर 6 मी. दक्षिण की ओर, फिर दायीं ओर मुड़कर 3 मी. चलता है तो बताओ अब वह प्रारंभिक स्थान से कितनी दूर किस दिशा में है?**
(a) 5 मी., उत्तर-पश्चिम
(b) 7 मी., उत्तर-पूर्व
(c) 25 मी., उत्तर-पूर्व
(d) इनमें से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**89. यदि 'पुलिस' को 'शिक्षक' कहा जाए, 'शिक्षक' को 'राजनीतिज्ञ', 'राजनीतिज्ञ' को 'डॉक्टर', 'डॉक्टर' को 'वकील' तथा 'वकील' को 'सर्जन' कहा जाए, तो 'अपराधियों' को कौन पकड़ेगा?**
(a) शिक्षक
(b) डॉक्टर
(c) पुलिस
(d) वकील
(e) अनुत्तरित प्रश्न


**90. निम्नलिखित कथनों को पढ़ें और उत्तर दें कि निम्नलिखित में से कौन-सी कार्यवाही उचित है?**
**कथन : आपूर्ति और माँग बेमेल होने के कारण स्थानीय बाजार में आम के भाव काफी गिर गए हैं।**
**कार्यवाहियाँ :**
**I. सरकार को आम के थोक विक्रेताओं को अन्य राज्यों के बाजार में आम बेचने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।**
**II. सरकार को किसानों को आम का गूदा निकाल कर उसे थोक विक्रेताओं को बेचने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।**
(a) यदि केवल कार्यवाही I उचित है।
(b) यदि केवल कार्यवाही II उचित है।
(c) यदि I और II दोनों कार्यवाहियाँ उचित हैं।
(d) यदि न तो कार्यवाही I और न ही कार्यवाही II उचित है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**91. निम्नलिखित कथनों को पढ़े और उत्तर दें कि निम्नलिखित में से कौन-सा तर्क प्रबल है?**
**कथन : क्या भारतीय सेना की स्त्रियों को मोर्चे पर तैनात किया जाना चाहिए?**
**तर्क : I. नहीं, स्त्री कैडेट वहाँ की आक्रामक परिस्थितियों को झेल नहीं पाएगी।**
**II. हाँ, स्त्री-पुरुष के बीच कोई अन्तर नहीं होना चाहिए।**
(a) यदि तर्क I प्रबल है।
(b) यदि तर्क II प्रबल है।
(c) यदि न तो तर्क I और न ही तर्क II प्रबल है।
(d) यदि तर्क I और तर्क II दोनों प्रबल हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**92. यदि एक दर्पण को MN रेखा पर रखा जाए, तो दी गई उत्तर आकृतियों में से कौन-सी आकृति प्रश्न आकृति की सह-प्रतिबिम्ब होगी?**
**प्रश्न आकृति:**




**उत्तर आकृतियाँ:**



(a) (b) (c) (d)
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**93. शब्द 'VICTORY' के सभी स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला में उसके बाद के चौथे अक्षर द्वारा तथा प्रत्येक व्यंजन को उसके बाद के तीसरे अक्षर द्वारा प्रतिस्थापित किया जाए, तो वह शब्द किस प्रकार लिखा जाएगा?**
(a) YNFWSUB (b) YMGWSUB
(c) YMFWSUB (d) YMFVSUB
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**94. दी गई पूर्वधारणाओं में से कौन-सी पूर्वधारणा कथन में अन्तर्निहित है?**
**कथन : यद्यपि पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि हुई है, प्राइवेट टैक्सी का किराया नहीं बढ़ा है।**
**पूर्वधारणाएँ : I. प्राइवेट टैक्सी का किराया, पेट्रोल की कीमतों पर निर्भर करता है।**
**II. सरकार सभी प्राइवेट टैक्सी के किराए पर नियंत्रण करती है।**
(a) यदि केवल I अन्तर्निहित है।
(b) यदि केवल II अन्तर्निहित है।
(c) यदि I और II दोनों अन्तर्निहित हैं।
(d) यदि न तो I और न ही II अन्तर्निहित है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**95. इस प्रश्न में एक कथन के बाद निष्कर्ष I और II दिए गए हैं, दिए गए चार विकल्पों A, B, C या D में से कौन-सा सही है?**
**कथन : साहसी व्यक्तियों का भाग्य भी साथ देता है।**
**निष्कर्ष :**
**I. कायर व्यक्ति अपनी वास्तविक मृत्यु से पहले भी कई बार मर जाते हैं।**
**II. किसी भी सफलता के लिए जोखिम उठाना जरूरी है।**
(a) केवल निष्कर्ष I निकलता है।
(b) केवल निष्कर्ष II निकलता है।
(c) न तो निष्कर्ष I और न निष्कर्ष II निकलता है।
(d) निष्कर्ष I और II दोनों निकलते हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**96. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**(i) विटामिन-$B_9$ का रासायनिक नाम कोबाल्मिन है।**
**(ii) विटामिन-$B_9$ की कमी से मेगालोब्लास्टिक एनीमिया नामक रोग होता है।**
**उपुर्यक्त में से कौन-सा/से कथन असत्य है/हैं?**
(a) केवल i (b) केवल ii
(c) i व ii दोनों (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**97. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) ऑस्टियोब्लास्ट कोशिकाएँ अस्थि का निर्माण करती हैं।
(b) कोलेजन तन्तु के समूह के रूप में एकत्रित होना, शार्पे तंतु कहलाता है।
(c) अस्थि को शुष्क करने पर कार्बनिक पदार्थों का हट जाना, शुष्क अस्थि कहलाता है।
(d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**98. जैव-विविधता की क्षति के कारणों में से एक है-**
**(1) आवासों की क्षति एवं विखण्डन**
**(2) अतिदोहन**
**(3) सहविलुप्तता**
**(4) विक्षुब्धन**
**कूट -**
(a) केवल 1 व 2 (b) केवल 2 व 3
(c) केवल 1 व 3 (d) 1, 2, 3 व 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**99. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?**
(a) ग्लूकोज एक ट्राईओज शर्करा है।
(b) गेलेक्टोज सबसे मीठी शर्करा है।
(c) मैन्नोज एक हेक्सोस शर्करा है।
(d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**100. निम्नलिखित में से असुमेलित युग्म है-**
(a) रिचर्ड फिलिप फिनमैन – विश्व में नैनो तकनीक के जनक
(b) प्रोफेसर नोरिया तानिगुची – STM का आविष्कार
(c) C.N.R. Rao – भारत में नैनो तकनीकी के जनक
(d) गर्ड बिन्निंग – STM का आविष्कार
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**101. रेस्ट्रिक्शन एण्डो न्यूक्लियेज एंजाइम्स के संदर्भ में सत्य कथन है-**
(a) इसके खोजकर्ता आर्बर, नाथन, स्मिथ है।
(b) सर्वप्रथम खोजा गया प्रतिबंधित एंजाइम्स का नाम E Co RI है।
(c) a व b दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**102. Li-Fi तकनीक के सन्दर्भ में असत्य कथन कौन-सा है?**
(a) इसके बारे में सर्वप्रथम हैरॉल्ड हास (Harald Hass) ने बताया था।
(b) इसकी परास वाई-फाई की तुलना में बहुत कम होती है।
(c) इसकी गति वाई-फाई से तुलना में कम होती है।
(d) यह एक वायरलेस तकनीक
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**103. प्रकाश के पूर्ण आंतरिक परावर्तन के लिए आवश्यक है-**
**I. प्रकाश का सघन माध्यम से विरल माध्यम में प्रवेश करना।**
**II. आपतन कोण का मान क्रांतिक कोण के मान से अधिक होना चाहिए।**
(a) केवल I
(b) केवल II
(c) I व II दोनों
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**104. निम्नलिखित में से असत्य कथन छाँटिए-**
(a) दिष्टधारा का मान तथा दिशा समय के साथ अपरिवर्तित रहते हैं।
(b) दिष्टधारा विद्युत का रासायनिक प्रभाव नहीं दर्शाती है।
(c) दिष्टधारा का उत्पादन सेलों में होता है।
(d) दिष्टधारा की अधिकतम वोल्टता 650 वोल्ट होती है।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**105. निम्नलिखित रसायनों को उनके सामान्य नामों के साथ सुमेलित कीजिए-**

| रसायन | | सामान्य नाम | |
|---|---|---|---|
| A. | सोडियम बाइकार्बोनेट | 1. | लाफिंग गैस |
| B. | सोडियम कार्बोनेट | 2. | बेकिंग सोडा |
| C. | नाइट्रस ऑक्साइड | 3. | प्लास्टर ऑफ पेरिस |
| D. | हाइड्रेटेड कैल्सियम | 4. | वॉशिंग सोडा |

**कूट-**
(a) A-2 B-1 C-4 D-3
(b) A-2 B-4 C-1 D-3
(c) A-1 B-2 C-3 D-4
(d) A-1 B-3 C-2 D-4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**106. निम्नलिखित में से कौन-से 'पराश्रव्य तरंगों' के उपयोग है?**
**1. किसी विशेष दिशा में संकेत भेजना।**
**2. मस्तिष्क ट्यूमर का पता लगाना।**
**3. पौधों की वृद्धि में।**
**4. गठिया रोग का उपचार।**
**उपर्युक्त में से सही कूट का चयन करें-**
(a) केवल 1, 2 और 3 (b) केवल 2, 3 और 4
(c) केवल 1 और 4 (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**107. निम्नलिखित में से कौन-से क्रिस्टलीकरण (Crystallization) विधि के अनुप्रयोग है-**
**1. समुद्री जल द्वारा प्राप्त नमक को शुद्ध करना।**
**2. नमक से कपूर को पृथक् करना।**
**3. अशुद्ध नमूने से फिटकरी को पृथक् करना।**
**4. वायु से विभिन्न गैसों को पृथक् करना।**
**उपर्युक्त में से कौन-से सही कथन हैं?**
(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1, 2 और 4
(c) केवल 1 और 3
(d) केवल 3 व 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**108. निम्नलिखित में से 'एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम' (IGMDP) के संदर्भ में असत्य कथन है-**
(a) भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा यह कार्यक्रम वर्ष 1983 में आरंभ किया गया।
(b) इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केवल क्रूज मिसाइल का विकास करना है।
(c) इस कार्यक्रम के अंतर्गत कम दूरी की सतह से सतह पर मार (attack) करने वाली मिसाइल का विकास भी किया गया।
(d) इस कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने किया।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**109. अंतरिक्ष तरंग संचरण (Space wave propagation) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. अति उच्च आवृत्ति (30 $MH_z$ से 300 $MH_z$) तथा परा उच्च आवृत्ति (30 $MH_z$ से 3000 $MH_z$) की तरंगों को अंतरिक्ष तरंग संचरण कहते हैं।**
**2. यह तरंगें आयन मण्डल द्वारा परावर्तित होती है।**
**3. इन तरंगों का संचरण सीधे ट्रांसमीटर से रिसीवर की ओर किया जा सकता है।**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सही हैं?**
(a) केवल 1 व 2 (b) केवल 1 व 3
(c) केवल 2 व 3 (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**110. पारिस्थितिकी पिरामिड के संबंध में कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) एक समय पर, एक ही पारिस्थितिकी तंत्र में एक कोई भी जीव केवल एक ही पोषण रीति में अधिष्ठित हो सकता है।
(b) निम्न पोषण स्तर में ऊर्जा की मात्रा ऊपरी पोषण स्तर से अधिक होती है।
(c) ऊर्जा पिरामिड सदैव सीधा होता है, कभी उल्टा नहीं हो सकता है।
(d) समुद्र के जैव भार (मात्रा) के पिरामिड उल्टे होते हैं।
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**111. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए-**

| मिश्रधातु | संयोजन |
|---|---|
| 1. काँसा - | ताँबा और जस्ता |
| 2. पीतल - | ताँबा और टिन |
| 3. टाँका - | सीसा और टिन |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सुमेलित है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 3
(c) केवल 1 और 2 (d) 1, 2 और 3
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**112. मानव रक्त (Human blood) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. रक्त का अध्ययन करने वाली विज्ञान की शाखा को 'हीमेटोलॉजी' कहते हैं।**
**2. रक्त के निर्माण की प्रक्रिया को 'हिमोपोइसिस' कहते हैं।**
**3. रक्त तरल संयोजी ऊतक है एवं स्वस्थ व्यक्ति में इसकी मात्रा सामान्यत: 5-6 लीटर होती है।**
**उपर्युक्त में से कौन-से कथन सत्य हैं?**
(a) 1 व 2 (b) 1 व 3
(c) 2 व 3 (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**113. अधिक ऊँचाई पर जल अपेक्षाकृत कम तापमान पर उबलता है, क्योंकि-**
(a) वायुदाब कम होता है।
(b) बाहर का तापमान कम होता है।
(c) गुप्त ऊष्मा कम होती है।
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**114. विश्व पृथ्वी दिवस-2024 किस थीम के साथ मनाया गया है?**
(a) जलवायु संतुलन (b) ग्रह बनाम प्लास्टिक
(c) पृथ्वी का बिगड़ता स्वास्थ्य (d) पृथ्वी का स्वयं संतुलन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**115. फिलिप्स वक्र के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. अमेरिका के अर्थशास्त्री ए. डब्ल्यू. फिलिप्स द्वारा फिलिप्स वक्र की संकल्पना प्रतिपादित की गई।**
**2. फिलिप्स वक्र मुद्रास्फीति और बेरोजगारी के मध्य संबंध को व्यक्त करता है।**
**3. फिलिप्स वक्र के अनुसार मुद्रास्फीति की दर और बेरोज़गारी की दर के बीच विपरीत संबंध पाया जाता है।**
**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 2 (b) केवल 1 व 2
(c) केवल 2 व 3 (d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**116. F.R.B.M.Act-2003 के अंतर्गत राजकोषीय घाटे की सहनीय सीमा निर्धारित की गई है-**
(a) 3% (b) 4.1%
(c) 4.5% (d) 3.5%
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**117. किस मॉडल के अंतर्गत ई-कॉमर्स कंपनी द्वारा केवल सूचना, पैकेजिंग, डिलीवरी आदि की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है, उसका अपना कोई स्टॉक नहीं होता है-**
(a) ई-मार्केट प्लेस मॉडल
(b) ई-बैंकिंग
(c) इन्वेन्ट्री
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**118. मुद्रास्फीति (Inflation) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए कूट में से सत्य कथन चुनिए-**
**(1) आधार वर्ष (Base Year) में परिवर्तन के कारण मुद्रास्फीति (Inflation) पर पड़ने वाले प्रभाव को आधार वर्ष प्रभाव (Base Year Effect) कहते हैं।**
**(2) विपन्नता सूचकांक बेरोजगारी (Unemployment) तथा मुद्रास्फीति (Inflation) के योग से प्राप्त किया जाता है जो मुद्रास्फीति (Inflation) व बेरोजगारी (Unemployment) के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाता हैं।**
**(3) मुद्रास्फीति (Inflation) में 1 प्रतिशत की कमी करने पर GDP में होने वाली प्रतिशत वृद्धि को त्याग अनुपात कहते हैं।**
(a) केवल 2 सत्य
(b) केवल 1 व 2 दोनों सत्य
(c) केवल 1 सत्य
(d) केवल 2 व 3 दोनों सत्य
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**119. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. GNP किसी देश की सीमा में एक वर्ष में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं एवं सेवाओं का मौद्रिक मूल्य है।**
**2. GDP एक वर्ष में किसी देश के निवासियों द्वारा उत्पादित सभी अन्तिम वस्तुओं तथा सेवाओं का मौद्रिक मूल्य है।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) केवल 1 (b) केवल 2
(c) 1 और 2 (d) न तो 1 और न ही 2
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**120. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-**
**1. प्रो. पी.सी. महालनोबिस की अध्यक्षता में राष्ट्रीय आय समिति का गठन वर्ष 1949 में किया गया था।**
**2. राष्ट्रीय आय समिति ने अपनी पहली रिपोर्ट वर्ष 1951 में प्रस्तुत की, जिसके अनुसार वर्ष 1948-49 में भारत का राष्ट्रीय आय 8650 करोड़ रुपए तथा प्रति व्यक्ति आय 246.9 रुपए थी।**
**3. वर्तमान में राष्ट्रीय आय संबंधित आँकड़े केन्द्रीय सांख्यिकी कार्यालय (CSO) द्वारा संकलित एवं जारी किए जाते हैं।**
**4. सर्वप्रथम CSO द्वारा 1956 में राष्ट्रीय आय के आँकड़े जारी किए गए।**
**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**
(a) 1 और 2 (b) 1, 2 और 4
(c) 1, 2 और 3 (d) 2 और 4
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**121. अग्रिम अनुमानों के अनुसार, वर्ष 2023-24 में स्थिर (2011-12) कीमतों पर राजस्थान का शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद अनुमानित कितना हैं?**
(a) 7.25 लाख करोड़ रुपये
(b) 8.45 लाख करोड़ रुपये
(c) 15.28 लाख करोड़ रुपये
(d) 7.81 लाख करोड़ रुपये
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**122. निम्नलिखित में से कौन-से जिले पेट्रोलियम उत्पादन करने वाले जिले बीकानेर-नागौर बेसिन में शामिल हैं?**
(a) जालौर, बीकानेर, नागौर, पाली और जैसलमेर
(b) कोटा, बाराँ, बूँदी, बीकानेर और नागौर
(c) जैसलमेर, बीकानेर, नागौर, बूँदी और जोधपुर
(d) बीकानेर, नागौर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और चूरू
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**123. राजस्थान में सेवा क्षेत्र किस उपक्षेत्र की वर्तमान कीमतों पर 2023-24 में सकल राज्य मूल्य संवर्द्धन में सबसे अधिक हिस्सेदारी है?**
(a) व्यापार, होटल और रेस्टोरेंट
(b) स्थावर संपदा, आवासीय गृहों का स्वामित्व और पेशेवर सेवाएँ
(c) लोक प्रशासन सेवाएँ
(d) परिवहन, भण्डारण और संचार
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**124. राजस्थान में इंदिरा महिला शक्ति निधि योजना कब प्रारम्भ की गई?**
(a) 18 अगस्त, 2019 (b) 17 मार्च, 2019
(c) 18 दिसम्बर, 2020 (d) 18 दिसम्बर, 2019
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**125. राजस्थान मुख्यमंत्री कोरोना सहायता योजना- 2021 के तहत जिन बच्चों के माता-पिता की कोरोना बीमारी से मृत्यु हो गई है उन्हें तत्काल सहायता के रूप में कितनी राशि प्रदान की जाएगी?**
(a) 1.5 लाख रुपये
(b) 2 लाख रुपये
(c) 2.5 लाख रुपये
(d) 1 लाख रुपये
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**126. घर-घर औषधि योजना की शुरुआत कब हुई?**
(a) 1 मई, 2021
(b) 18 दिसम्बर, 2019
(c) 1 अगस्त, 2021
(d) 12 दिसम्बर, 2019
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**127. निम्न में से 'नवजीवन योजना' का सम्बन्ध किससे है?**
(a) महिला कल्याण से
(b) शराब से जुड़े परिवारों के पुनर्वास से
(c) कृषक कल्याण से
(d) वरिष्ठ नागरिकों से
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**128. डांग क्षेत्र विकास कार्यक्रम राज्य के कितने जिलों में संचालित है?**
(a) 8
(b) 4
(c) 9
(d) 12
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**129. 'मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना' के तहत कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को कितना दूध सप्ताह में 6 दिन उपलब्ध करवाया जाता है?**
(a) 300 मिलीलीटर
(b) 200 मिलीलीटर
(c) 150 मिलीलीटर
(d) 200 मिलीलीटर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**130. मुख्यमंत्री कलाकार प्रोत्साहन योजना-2023 की शुरुआत किस संस्थान के द्वारा की गई है?**
(a) राजस्थान संगीत संस्थान
(b) रूपायन संस्थान
(c) राजस्थान संगीत नाटक अकादमी
(d) राजस्थान ललित कला अकादमी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**131. इंदिरा गाँधी मातृत्व पोषण योजना अभियान के सन्दर्भ में कौन-सा कथन असत्य है?**
(a) इस योजना की शुरुआत 19 नवम्बर, 2020 को हुई।
(b) इस योजना के तहत दूसरे बच्चे के जन्म पर 5 किश्तों में 6000 रुपये प्रदान किये जाते हैं।
(c) यह योजना जयपुर से प्रारंभ की गई थी।
(d) उपर्युक्त सभी
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**132. स्मार्ट विलेज योजना की घोषणा किस बजट में की गई थी?**
(a) 2020-21
(b) 2017-18
(c) 2015-16
(d) 2011-12
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**133. हाल ही में सिएट क्रिकेट रेटिंग अवॉर्ड्स 2023-2024 में पुरुष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर का पुरस्कार किसे प्राप्त हुआ है?**
(a) शुभमन गिल
(b) रोहित शर्मा
(c) विराट कोहली
(d) हार्दिक पांड्या
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**134. हाल ही में भारत और किस देश ने LNG अवसंरचना तथा विद्युत विकास के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं?**
(a) श्रीलंका
(b) मालदीव
(c) भूटान
(d) म्यांमार
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**135. हाल ही में किस राज्य ने निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट के मामलों को निपटाने के लिए देश का पहला डिजिटल कोर्ट शुरू किया है?**
(a) केरल
(b) महाराष्ट्र
(c) राजस्थान
(d) मध्य प्रदेश
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**136. हाल ही में एशियाई विकास बैंक ने किस राज्य को स्वास्थ्य सेवा को बढ़ावा देने के लिए 500 मिलियन डॉलर का ऋण देने का दावा किया है?**
(a) बिहार
(b) महाराष्ट्र
(c) झारखंड
(d) केरल
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**137. भूगर्भीय सर्वेक्षण में राजस्थान के किस जिले में क्रोमियम निकल के चार और फ्लोराइड का एक ब्लॉक की खोज की है?**
(a) बीकानेर (b) उदयपुर
(c) डूंगरपुर (d) भरतपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**138. 15 अगस्त, 2024 से राजस्थान डिजिटल हेल्थ मिशन की शुरुआत किसके द्वारा की गई?**
(a) मदन दिलावर (b) भजनलाल शर्मा
(c) गजेंद्र सिंह खींवसर (d) हरिभाऊ किशन राव बागड़े
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**139. फेमिना मिस इंडिया राजस्थान- 2024 का खिताब किसने जीता है?**
(a) वैष्णवी शर्मा
(b) हर्षिता बत्रा
(c) प्रियंका चौधरी
(d) नंदिनी गुप्ता
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**140. राजीव गांधी लाइफटाइम अचीवमेंट क्रिकेट अवॉर्ड- 2024 किसे प्रदान किया गया है?**
(a) गोपाल सैनी
(b) किशन रूंगटा
(c) तापोश चटर्जी
(d) रवि बिश्नोई
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**141. 9 से 11 दिसंबर, 2024 को राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन कहाँ किया जाएगा?**
(a) बीकानेर
(b) अलवर
(c) जयपुर
(d) उदयपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**142. किसानों की समस्याओं का समाधान करने के लिए किस विश्वविद्यालय ने राज्य का पहला किसान कॉल सेंटर शुरू किया है?**
(a) जोबनेर कृषि विश्वविद्यालय, जयपुर
(b) कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर
(c) महाराणा प्रताप कृषि विश्वविद्यालय, उदयपुर
(d) स्वामी केशवानंद कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**143. हाल ही में वीर दुर्गादास राठौड़ लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड- 2024 से किसे नवाजा गया है?**
(a) गवरी बाई
(b) मांगी बाई
(c) सलोनी वर्मा
(d) तारा शर्मा
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**144. बालकनी सोलर सिस्टम का परीक्षण और शुरुआत करने वाला देश का पहला राज्य बना है?**
(a) राजस्थान
(b) मध्यप्रदेश
(c) महाराष्ट्र
(d) गुजरात
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**145. कौन-सा आयुष्मान आरोग्य मंदिर भारत सरकार का पहला क्वालिटी सर्टिफाइड केंद्र बना है?**
(a) कांकाणी, जोधपुर
(b) रोहट, पाली
(c) वाल्मीकि नगर, जयपुर
(d) पहाड़ी, डीग
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**146. भारत और किस देश के मध्य 12 से 25 अगस्त, 2024 को मित्र शक्ति युद्धाभ्यास का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राजपूताना राइफल्स की उदयपुर बटालियन भाग ले रही है?**
(a) जापान
(b) नेपाल
(c) श्रीलंका
(d) मालदीव
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**147. 28 अगस्त, 2024 को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम के तहत कितने औद्योगिक नोड्स/शहरों को मंजूरी प्रदान की है?**
(a) 12
(b) 10
(c) 15
(d) 25
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**148. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किस राज्य में भारत के सबसे बड़े बंदरगाह की आधारशिला रखी?**
(a) ओड़िसा
(b) तमिलनाडु
(c) महाराष्ट्र
(d) केरल
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**149. हाल ही में 70वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में किसने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता है?**
(a) ऋषभ शेट्टी (b) रणवीर सिंह
(c) रणवीर कपूर (d) अल्लू अर्जुन
(e) अनुत्तरित प्रश्न

**150. हाल ही में उत्तर भारत की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सौर परियोजना कहाँ शुरू हुई है?**
(a) हरिद्वार (b) ओंकारेश्वर
(c) इंदौर (d) उदयपुर
(e) अनुत्तरित प्रश्न

# व्याख्या - 01

**1. [d]**

**व्याख्या:-**

– **काष्ठ प्रासाद/काठ का रैन बसेरा (झालावाड़)-** लकड़ी से निर्मित इस महल का निर्माण राव राजेन्द्र सिंह द्वारा वर्ष 1936 में करवाया गया। यह महल लगभग 3500 वर्ग फुट में फैला हुआ है।

**2. [d]**

**व्याख्या:-**

– **देवगढ़ चित्रशैली**

– **देवगढ़ ठिकाने की स्थापना -** 1680 ई. महाराणा जयसिंह के शासनकाल में द्वारिका प्रसाद चूंडावत ने की थी तथा इसके बाद देवगढ़ चित्रशैली का जन्म हुआ।

– यहाँ के सामंत सोहलवें उमराव कहलाते हैं तथा इस शैली को प्रकाश में लाने श्रेय श्रीधर अंधारे को जाता हैं।

– इस चित्रशैली में मेवाड़, मारवाड़ तथा ढूंढाड़ चित्रशैली का मिश्रण (कोकटेल चित्रशैली) दृष्टिगोचर होता है।

– इस चित्रशैली में मोती महल व अजारा हवेली के भित्ति चित्रों का आकर्षण है।

– **देवगढ़ चित्रशैली की विशेषता -** राजदरबार के दृश्य, मुकुट, निम्बला वस्त्र इत्यादि का चित्रण, हरे व पीले रंग में हाथियों की लड़ाई।

– **प्रमुख चित्रकार -** बगता, चौखा, बैजनाथ, कंवला प्रथम, कंवला द्वितीय, नंगा, हरचंद।

**3. [a]**

**व्याख्या:-**

– **मेवाती घराना-** इस घराने के प्रवर्तक उस्ताद घग्घे नजीर खाँ थे, जो महाराजा जसवंत सिंह के दरबारी गायक थे।

– इस घराने की गायकी में मोतीराम, ज्योतिराम (मोती-ज्योति) ने विशेष ख्याति अर्जित की।

– वर्तमान में प्रसिद्ध संगीतज्ञ पं. मणिराम, पं. प्रताप एवं श्री पूरण चंद आदि हैं।

– इसी घराने से सम्बन्धित पंडित जसराज जी का 17 अगस्त, 2020 को निधन हो गया।

**4. [a]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान के 6 दुर्ग यूनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज साइट में शामिल-

– 1. आमेर दुर्ग 2. गागरोण दुर्ग
3. कुम्भलगढ़ दुर्ग 4. जैसलमेर दुर्ग
5. रणथम्भौर दुर्ग 6. चित्तौड़गढ़ दुर्ग।

– ये दुर्ग जून, 2013 में नोमपेन्ह (कम्बोडिया) में हुई वर्ल्ड हेरिटेज कमेटी की बैठक में यूनेस्को साइट की सूची में शामिल किए गए।

**5. [d]**

**व्याख्या:-**

– **देलवाड़ा जैन मंदिर समूह (आबू)**

– अवस्थिति - आबू, सिरोही जिले में। यह मुख्यत: 5 मंदिरों का समूह है। यहाँ पर पाँच श्वेतांबर मंदिर के साथ एक दिगम्बर मंदिर भी है।

– ये मंदिर राजस्थान-गुजरात की सोलंकी (चालुक्य) शैली में निर्मित है।

– **प्रथम मंदिर - विमलशाही मंदिर,** जिसका निर्माण 1031 ई. में गुजरात के चालुक्य राजा भीमदेव के मंत्री और सेनापति विमल शाह ने करवाया था। इसके शिल्पकार कीर्तिकर थे। सफ़ेद संगमरमर से निर्मित यह मंदिर प्रथम जैन तीर्थंकर आदिनाथ को समर्पित है।

**6. [a]**

**व्याख्या:-**

– **संत कवि महाराज चतुर सिंहजी (बावजी चतुर सिंहजी) -**

– **जन्म -** 09 फरवरी, 1880 को कर्जली (उदयपुर) में।

– **प्रमुख रचनाएँ -** महाराज चतुर सिंहजी ने लगभग 21 छोटे-बड़े ग्रंथों की रचना की, जिनमें से प्रमुख निम्नलिखित हैं-
(1) गीता पर गंगा-जलि (मेवाड़ी बोली में लिखी गई)
(2) चंद्र शेखर स्त्रोत (विश्व प्रसिद्ध)
(3) चतुर चिंतामणि - दोहावाली/पदावाली
(4) समान बत्तीसी (5) श्रीगीता जी
(6) लेख संग्रह (7) सांख्यकारिका
(8) योग सूत्र

– इन ग्रंथों में धार्मिक, दार्शनिक और सांस्कृतिक विषयों पर गहन विचार किया गया है।

**7. [b]**

**व्याख्या:-**

– **अलीबख्शी ख्याल -** यह एक लोकनाट्य परंपरा है जो खैरथल-तिजारा(पूर्व में अलवर) जिले की मुण्डावर तहसील में प्रचलित है। इसके प्रवर्तक राजा अलीबख्श थे, जिन्हें 'अलवर का रसखान' भी कहा जाता है।
**प्रमुख ख्याल -** कृष्ण लीला, गोपीचंद निहालदे, चन्द्रावत, गुलकावली, अलवर का सिफ्तनामा आदि।

**8. [d]**

**व्याख्या :-**

– **ढेपाड़ा -** आदिवासी पुरुषों द्वारा पहनी गई तंग धोती को ढेपाड़ा कहा जाता है।

– **कछाबू -** आदिवासी महिलाओं द्वारा पहना गया तंग घाघरा कछाबू कहलाता है।

– **लंगोटा -** आदिवासी महिलाओं का कमर से ऊपर का वस्त्र (कांचली)।

– **खपटा -** सहरिया जनजाति के पुरुषों द्वारा पहना गया साफा/पगड़ी।

**9. [c]**

**व्याख्या:-**

– **बम/बमरसिया नृत्य -** इस नृत्य के साथ-साथ ‘रसिया’ गाना गाने के कारण इसका नाम ‘बमरसिया’ नृत्य पड़ा।

– मेवात प्रदेश (अलवर, भरतपुर) का ‘बम’ अपनी लोकरंगी छटा के लिए प्रसिद्ध है।

– एक विशाल नगाड़े को ही 'बम' कहा जाता है। बम के साथ ढोल, मंजीरा, थाली, चिमटा, गिलास वाद्यों की संगत लिए नर्तक निकल पड़ते हैं। इस नृत्य की यह विशेषता है कि इसमें नर्तक, वादक तथा गायक तीनों ही तीन भागों में विभक्त होकर नृत्य को गति देते हैं। यह नृत्य पुरुषों का हैं।
– यह फाल्गुन माह में फसल कटने के पश्चात 'चौपाल' पर किया जाने वाला नृत्य है।

**10. [b]**

**व्याख्या:-**
– वी. एन. मिश्र के नेतृत्व में उत्खनित उदयपुर शहर से लगभग 42 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में वल्लभनगर तहसील में स्थित बालाथल सभ्यता स्थल से ताम्रपाषाण युगीन सभ्यता के अवशेष प्राप्त (1993) हुए हैं।
– इस स्थल से ग्यारह कमरों वाला विशाल भवन भी प्राप्त हुआ है।
– यहाँ से पत्थर की ओखली, कर्णफूल, हार, मृण्मूर्तियाँ व ताँबे के आभूषण प्राप्त हुए हैं।
– यहाँ से एक दुर्गनुमा भवन तथा 4000 वर्ष पुराना एक कंकाल प्राप्त हुआ है, जिसे भारत में कुष्ठ रोग का सबसे पुरातन प्रमाण माना जाता है।
– यहाँ से योगी मुद्रा में शवाधान प्राप्त हुआ है।

**11. [c]**

**व्याख्या:-**
– मारवाड़ का प्रताप/प्रताप का अग्रगामी/विस्मृत नायक/भूला बिसरा राजा उपनामों से प्रसिद्ध राव चन्द्रसेन ने भाद्राजूण और सिवाणा में रहकर मुगल सेना का सामना किया।
– अकबर ने चन्द्रसेन को दबाने अपनी सेना भाद्राजूण भेजी थी। चन्द्रसेन यहाँ से अपने भतीजे कल्ला (राम का पुत्र) के पास 'सोजत' पहुँचा, मुगल सेना पीछा करती सोजत आ गई। चन्द्रसेन वहाँ से सिवाना चला गया। रावल सुखराज, सुरजा तथा देवीदास चन्द्रसेन के साथी थे।

**12. [c]**

**व्याख्या:-**
– बूँदी शासक बुद्धसिंह अपने अन्य पुत्र उम्मेद सिंह को शासक बनाना चाहता था, लेकिन सवाई जयसिंह उम्मेद सिंह को ही शासक बने रखना चाहता था, अतः उसने अपनी पुत्री कृष्णा कुमारी का विवाह बूँदी नरेश दलेल सिंह के साथ किया था।

**13. [d]**

**व्याख्या:-**
– अंग्रेज अधिकारी कर्नल होम्स की सेना ने 20 जनवरी, 1858 को आउवा पर आक्रमण किया था। 24 जनवरी को आउवा व एरिनपुरा के सैनिकों को हराकर आउवा पर अधिकार कर लिया। इस समय 18 क्रान्तिकारी मारे गए तथा आउवा गाँव के 124 व्यक्तियों को बंदी बनाकर गोली मार दी गई।

**14. [c]**

**व्याख्या:-**
– वर्ष 1939 में पंडित नयनूराम शर्मा तथा अभिन्न हरि ने कोटा प्रजामण्डल की स्थापना की थी।
– इसके अध्यक्ष नयनूराम शर्मा को बनाया गया था। इसके प्रथम अधिवेशन में उत्तरदायी शासन स्थापित करने का प्रस्ताव पारित किया गया था।

**15. [d]**

**व्याख्या:-**
– **राजस्थान के एकीकरण के समय-**
– राजस्थान की सबसे प्राचीन रियासत - मेवाड़ (उदयपुर)
– राजस्थान की सबसे नवीन रियासत - झालावाड़
– राजस्थान में अंग्रेजों द्वारा स्थापित एकमात्र रियासत - झालावाड़
– राजस्थान में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे बड़ी रियासत - मारवाड़ (जोधपुर)
– राजस्थान में क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटी रियासत - शाहपुरा (भीलवाड़ा)
– राजस्थान की सर्वाधिक जनसंख्या वाली रियासत - जयपुर।
– राजस्थान में सबसे कम जनसंख्या वाली रियासत - शाहपुरा
– जनतांत्रिक व पूर्ण उत्तरदायी शासन की स्थापना करने वाली प्रथम रियासत - शाहपुरा
– उत्तरदायी शासन की स्थापना में पूर्णतः असफल रहने वाली रियासत - जैसलमेर
– रियासतें जिन्होंने भारत छोड़ो आन्दोलन 1942 के दौरान प्रजामण्डलों ने भाग नहीं लिया - जैसलमेर व जयपुर।
– भारतीय संघ में शामिल होने की सर्वप्रथम घोषणा करने वाली रियासत - जयपुर।

**16. [a]**

**व्याख्या:-**
– प्राचीन नगर तक्षशिला सिन्धु और झेलम नदियों के बीच स्थित था और यह वर्तमान इस्लामाबाद से लगभग 20 किमी. उत्तर-पश्चिम में स्थित है। तक्षशिला को एक प्रमुख सांस्कृतिक और शैक्षिक केंद्र के रूप में जाना जाता है। इसकी स्थापना छटी और सातवीं शताब्दी ईसा पूर्व में हुई थी।

**17. [a]**

**व्याख्या:-**
– मोहनजोदड़ो से लगभग 130 किमी. दक्षिण-पूर्व में स्थित चन्हूदड़ो के उत्खनन का निर्देशन जे. एच. मैके ने किया था।
– इस सभ्यता स्थल की खोज वर्ष 1935 में एन. जी. मजूमदार ने की थी।
– उत्खनन से यह जानकारी मिलती है कि यहाँ मनका बनाने का कारखाना तथा भट्ठी थी।

**18. [d]**

**व्याख्या:-**
– जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी ने स्यादवाद का मार्ग अपनाया, जिसे अनेकान्तवाद भी कहा जाता है। इस मत के अनुसार किसी वस्तु के अनेक धर्म होते हैं। अज्ञान बंधन का कारण है, जिसके कारण जीव कर्म की ओर आकर्षित होता है।

**19. [c]**

**व्याख्या:-**
– इल्तुतमिश (1211-36 ई.) के शासनकाल में चंगेज खान के नेतृत्व में मंगोलों ने भारत पर आक्रमण किया था, लेकिन वह भारत के अन्दर तक नहीं आया क्योंकि इल्तुतमिश ने ख्वारिज्म के शाह को शरण देने से इन्कार कर दिया था, जिसका पीछा चंगेज खान कर रहा था।
– इल्तुतमिश दिल्ली सल्तनत का वास्तविक संस्थापक कहलाता है।

**20. [a]**

**व्याख्या:-**

- **दीवान-ए-तन -** ये वेतन और जागीरों से संबंधित मामलों का निपटारा करता था।
- **मुसद्दी -** बंदरगाहों के प्रशासन की देखभाल करता था।

**21. [d]**

**व्याख्या:-**

- नाना साहिब को वर्ष 1857 के विद्रोह में ब्रिटिश शासन के विरुद्ध षडयन्त्रकारी संन्यासियों और फकीरों का नेता माना गया है। नाना साहिब पेशवा वंश के थे, इन्होंने कानपुर में विद्रोह कर कानपुर को अंग्रेजों से जीत लिया था।

**22. [b]**

**व्याख्या:-**

- वर्ष 1905 में गोपाल कृष्ण गोखले ने सर्वेन्ट ऑफ इंडिया सोसायटी/भारत सेवक समाज की स्थापना पुणे (महाराष्ट्र) में की थी।
- इसकी स्थापना का उद्देश्य भारतीयों का सम्पूर्ण विकास करना और वे राजनीतिक शिक्षा ग्रहण कर, इस क्षेत्र में अपना पूर्ण योगदान देने में सक्षम हों, जिससे भारत को आजादी दिलाई जा सके।

**23. [d]**

**व्याख्या:-**

- बटलर समिति रिपोर्ट - भारतीय राज्यों और सर्वोच्च शक्ति के बीच सम्बन्ध पर
- हार्टुंग समिति रिपोर्ट - ब्रिटिश भारत में शिक्षा की और प्रगति की सम्भावनाओं पर
- हण्टर जाँच समिति रिपोर्ट - जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड
- मुडिमैन समिति रिपोर्ट - माण्टेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार

**24. [b]**

**व्याख्या:-**

- भारत के विभाजन के समय भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष आचार्य जे. बी. कृपलानी थे।

**25. [d]**

**व्याख्या:-**

- 'आनन्दमठ' एक ऐतिहासिक उपन्यास है जिसे बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय ने लिखा है। यह उपन्यास 1773 ई. में उत्तरी बंगाल में उत्पन्न संन्यासी विद्रोह की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसे राजनीतिक दृष्टिकोण से महत्त्वपूर्ण माना जाता है, लेकिन यह उपन्यास केवल राजनीतिक कथा के रूप में ही नहीं, बल्कि भारतीय समाज और संस्कृति के आदर्शों की भी अभिव्यक्ति करता है।

**26. [d]**

**व्याख्या:-**

- तात्या टोपे को उनके विश्वसनीय मित्र मानसिंह नरुका ने धोखा देकर अंग्रेजों के हवाले कर दिया, जबकि वे जंगल में अपने कैम्प में सो रहे थे। 18 अप्रैल, 1859 को एक सैन्य अदालत ने तात्या टोपे को फाँसी की सजा सुनाई।

**27. [d]**

**व्याख्या:-**

- स्वामी विवेकानन्द की अमेरिका की यात्रा के बाद वे भारत में एक नायक के रूप में स्वागत किए गए। उनकी अमेरिका यात्रा के दौरान दिए गए भाषणों का संकलन 'लेक्चर्स फ्रॉम कोलम्बो टू अल्मोड़ा' नामक पुस्तक में किया गया है। इस पुस्तक को आधुनिक भारत का 'अधिकार-पत्र' भी कहा जाता है, क्योंकि इसमें स्वामी विवेकानन्द के विचार और दृष्टिकोण भारतीय समाज और संस्कृति के पुनर्निर्माण के लिए महत्त्वपूर्ण माने जाते हैं।

**28. [a]**

**व्याख्या:-**

- (1) पानीपत का प्रथम युद्ध – 21 अप्रैल, 1526
  (2) खानवा युद्ध – 16 मार्च, 1527
  (3) कन्नौज युद्ध – 17 मई, 1540
  (4) पानीपत की तृतीय युद्ध – 1761

**29. [d]**

**व्याख्या:-**

- कामागाटामारू जहाज पर सवार पंजाबी गदरकारियों की अंग्रेजी सेना के साथ भिड़ंत कलकत्ता में हुई थी। वर्ष 1914 में 376 भारतीय नागरिकों को लेकर बाबा गुरदीप सिंह इस जहाज के माध्यम से बैंकुवर (वर्तमान वैंकूवर) ले जा रहे थे। हालांकि, कनाडा सरकार ने उन्हें उतरने की अनुमति नहीं दी, जिसके कारण जहाज को वापस कलकत्ता लौटना पड़ा। कलकत्ता पहुँचने पर यात्रियों और पुलिस के बीच संघर्ष हुआ।

**30. [b]**

**व्याख्या:-**

- (1) लॉर्ड मेयो (1869-72 ई.)
  (2) लॉर्ड नॉर्थबुक (1872-76 ई.)
  (3) लॉर्ड लिटन (1876-80 ई.)
  (4) लॉर्ड रिपन (1880-84 ई.)
  (5) लॉर्ड डफरिन (1884-88 ई.)

**31. [c]**

**व्याख्या:-**

- 1599 ई. में इंग्लैंड में एक मर्चेंट एडवेंचर्स नामक दल ने ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना की। इस कंपनी का पूरा नाम था 'दि गवर्नर एण्ड कम्पनी ऑफ मर्चेन्ट्स ट्रेडिंग इन द ईस्ट इंडीज'।

**32. [d]**

**व्याख्या:-**

- सरदरया और अमुदरया मध्य एशिया की महत्त्वपूर्ण नदियाँ है, जो मध्य एशिया के अलग-अलग पर्वतों से निकलकर अरल सागर में गिरती हैं।

**33. [a]**

**व्याख्या:-**

- बर्मिंघम लोहा इस्पात उद्योग के लिए प्रसिद्ध है, जो यूनाइटेड किंगडम में स्थित है।

**34. [d]**

**व्याख्या:-**

– जर्मन भूगोलवेत्ता कोपेन ने जलवायु के आधार पर विश्व को पाँच प्रमुख भागों में विभाजित किया है-
(1) उष्णकटिबंधीय आर्द्र जलवायु (Tropical Rainforest Climate)
(2) शुष्क जलवायु (Dry Climate)
(3) उष्ण शीतोष्ण जलवायु (Subtropical Climate)
(4) महाद्वीपीय जलवायु (Continental Climate)
(5) ध्रुवीय जलवायु (Polar Climate)

– कोपेन के जलवायु वर्गीकरण के अनुसार, 'Aw' कोड उष्णकटिबंधीय शुष्क (सवाना) जलवायु प्रदेश को दर्शाता है, जहाँ 'A' उष्णकटिबंधीय जलवायु को और 'w' सूखा मौसम को इंगित करता है।

**35. [c]**

**व्याख्या:-**

– कैलाश पर्वत लद्दाख श्रेणी में स्थित है। जास्कर श्रेणी लद्दाख के दक्षिण में स्थित है। पीरपंजाल हिमालय की लघु हिमालय शृंखला का पश्चिमी विस्तार है, जबकि शिवालिक हिमालय सबसे बाहरी और नवीनतम हिमालय श्रृंखला है।

**36. [c]**

**व्याख्या:-**

| **जलप्रपात** | **नदी का नाम** |
|---|---|
| (1) जोग प्रपात – | शरावती (कर्नाटक) |
| (2) दूध सागर – | मंडोरी (कर्नाटक-गोवा की सीमा) |
| (3) शिव समुद्रम – | कावेरी (कर्नाटक) |
| (4) दुदुमा – | मचकुंद (ओडिशा) |

**37. [a]**

**व्याख्या:-**

– कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं। उच्च हिमालय भारत को जलवायु सम्बन्धी विशिष्टता प्रदान करता है क्योंकि भारत मूलत: एक मानसूनी देश है। अत: कारण (R), कथन (A) का सही स्पष्टीकरण है।

**38. [a]**

**व्याख्या:-**

| **खनिज** | **खनिज क्षेत्र** |
|---|---|
| ताँबा | - खेतड़ी एवं मानभण्डार |
| लौह अयस्क | - बादाम पहाड़ तथा कुद्रेमुख |
| जस्ता | - जावर |
| मैंगनीज | - बालाघाट एवं छिन्दवाड़ा |

**39. [c]**

**व्याख्या:-**

– एपिकल्चर – मधुमक्खी पालन
ओलेरिकल्चर - सब्जियों की खेती
पोमोलॉजी - फलों का अध्ययन
विटीकल्चर - अंगूर की खेती

**40. [c]**

**व्याख्या:-**

– **लाल आँकड़ों की पुस्तक (Red Data Book) -** इस पुस्तक के प्रथम संस्करण का प्रकाशन 1 जनवरी, 1972 को हुआ था। IUCN अब हर चौथे साल पृथ्वी पर उन प्रजातियों की सूची प्रकाशित करती है जो संकटापन्न हैं।

– इस सूची को 'आईयूसीएन रेड लिस्ट ऑफ थ्रीटेंड स्पेशीज' कहते हैं। इन्टरनेशनल यूनियन फॉर कन्जर्वेशन ऑफ नेचर एण्ड नेचुरल रिसोर्सेज (IUCN) द्वारा पौधों एवं जन्तुओं को निम्न श्रेणियों में बाँटा गया है ताकि उनकी दुर्लभ प्रजातियों को संरक्षण प्रदान कर विलुप्त होने से बचाया जा सकें।

**41. [b]**

**व्याख्या:-**

– भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण का गठन वर्ष 1995 में किया गया जो हवाई अड्डों का प्रबन्ध करता है।
– सुभाषचंद्र बोस एयरपोर्ट – कोलकाता
– राजीव गांधी एयरपोर्ट – हैदराबाद
– कंपा गौडा एयरपोर्ट – बेंगलुरु
– जॉली ग्रान्ट एयरपोर्ट - देहरादून

**42. [c]**

**व्याख्या:-**

– बनास बेसिन को निम्नलिखित दो भागों में बाँटा गया है-

– **(1) मालपूरा करौली का मैदान-** बनास बेसिन का उत्तरी-पूर्वी भाग 'मालपुरा करौली का मैदान' के नाम से जाना जाता है। यह मैदान टोंक, सवाईमाधोपुर व करौली जिलों में विस्तृत है। इस क्षेत्र को ए.एम. हेरॉन ने 'तृतीय पेनिप्लेन' नाम दिया है।

– यह मैदान मालपुरा (टोंक) व करौली के मध्य विस्तृत उपजाऊ मिट्टी का मैदान है।

– यह कांपीय मिट्टी, नीस व शिष्ट चाट्टानों से निर्मित है। यहाँ के पत्थरों का विदेशों में भी निर्यात होता है।

– **(2) मेवाड़ का मैदान-** बनास बेसिन का दक्षिणी भाग 'मेवाड़ का मैदान' के नाम से जाना जाता है। यह मैदान मुख्यत: शाहपुरा, भीलवाड़ा व चितौड़गढ़ में विस्तृत है।

**43. [c]**

**व्याख्या:-**

– राजस्थान को भौतिक प्रदेशों में बाँटने का सर्वप्रथम प्रयास प्रो. वी.सी. मिश्रा ने किया।

– इन्होंने अपनी पुस्तक 'राजस्थान का भूगोल' में राजस्थान को सात भागों में बाँटा है, जिसका प्रकाशन वर्ष 1968 में नेशनल बुक ट्रस्ट द्वारा किया गया।

– इनके अनुसार राजस्थान के सात भौगोलिक प्रदेश निम्नलिखित हैं-
1. पश्चिमी शुष्क प्रदेश
2. नहरी प्रदेश
3. अर्द्ध शुष्क प्रदेश
4. अरावली प्रदेश
5. पूर्वी कृषि औद्योगिक प्रदेश
6. दक्षिणी पूर्वी कृषि प्रदेश
7. चम्बल बीहड़ प्रदेश

**44. [b]**

**व्याख्या:-**

– राजस्थान में उत्तर-पश्चिम से दक्षिण-पूर्व की ओर वर्षा की मात्रा में वृद्धि होती है।
– राजस्थान में वर्षा की मात्रा दक्षिण और दक्षिण-पूर्व से उत्तर और उत्तर-पश्चिम की ओर घटती जाती है।
– 50 सेमी. वर्षा रेखा राजस्थान को दो स्पष्ट जलवायु भागों में बाँटती है।
– 25 सेमी. वर्षा रेखा राजस्थान के उत्तर-पश्चिमी मरुस्थल को दो भागों में बाँटती है।

**45. [d]**

**व्याख्या:-**

– पश्चिमी राजस्थान में वायु की गति तेज होने पर मिट्टी एक स्थान से उड़कर दूसरे स्थान पर जमा हो जाती है, जिससे मिट्टी का कटाव होता है, इसे वायु अपरदन/परत अपरदन कहते हैं।
– राज्य का 19.41% भाग वायु अपरदन की समस्या से ग्रसित है।
– राजस्थान में सर्वाधिक वायु अपरदन वाला जिला जैसलमेर तथा न्यूनतम वायु अपरदन वाला जिला धौलपुर है।
– राजस्थान में सर्वाधिक वायु अपरदन वाला माह जून है।

**46. [a]**

**व्याख्या:-**

– खारी नदी बिजराल गाँव की पहाड़ियों से निकलकर राजसमंद, भीलवाड़ा, अजमेर व टोंक में बहते हुए देवली के निकट बनास नदी में मिल जाती है, यह बंगाल की खाड़ी अपवाह तंत्र का अंग है।
– राजस्थान में खारी नाम से एक और नदी है, जो अरब सागरीय अपवाह तंत्र का भाग है, इसका उद्गम सिरोही जिले की शेरगाँव की पहाड़ियाँ से होता है। यह सिरोही, जालोर में बहते हुए जालोर के सायला गाँव में यह लूनी की सहायक नदी जवाई नदी में मिल जाती है।

**47. [b]**

**व्याख्या:-**

– पिछोला झील का निर्माण 14वीं शताब्दी में महाराणा लाखा के शासनकाल में पीच्छू नामक एक बंजारे ने अपने बैल की स्मृति में करवाया था।
– इस झील में बीजोरी नामक स्थान पर गलकी नामक नटनी की स्मृति में नटनी के चबूतरे का निर्माण करवाया था।
– महाराणा उदयसिंह ने उदयपुर नगर के स्थापना के समय इस झील की पाल को पक्का बनवाया।

**48. [a]**

**व्याख्या:-**

– **गैर/अपरम्परागत स्रोत-** ऊर्जा के वे स्रोत, जिनका एक बार उपयोग करने के बाद पुनः उपयोग में ले सकते और पुनः उससे ऊर्जा प्राप्त की जा सकती है, इनके भंडार असीमित होते है।
1. सौर ऊर्जा - सूर्य के प्रकाश से प्राप्त ऊर्जा।
2. पवन ऊर्जा - तेज चलने वाली हवा से उत्पन्न ऊर्जा।
3. बायोगैस - जानवरों के मल-मूत्र से वायुरहित अवस्था में अपघटन से प्राप्त ऊर्जा ।
4. बायोमास - कचरा, सरसों एवं चावल की भूसी से प्राप्त ऊर्जा।
5. ज्वारीय तरंग ऊर्जा - समुद्री ज्वार भाटे एवं तरंगों से उत्पन्न ऊर्जा।
6. भू-तापीय ऊर्जा - पृथ्वी से निकलने वाले गर्म स्त्रोतों की ऊष्मा से उत्पन्न ऊर्जा।

**49. [b]**

**व्याख्या:-**

– **अनुसूचित जनजाति के प्रतिशत (वर्ष 2011 की जनगणना) के अनुसार जिलों का अवरोही क्रम-**
(1) बाँसवाड़ा (76.38%) (2) डूंगरपुर (70.82%)
(3) प्रतापगढ़ (63.42%) (4) उदयपुर (49.71%)

**50. [a]**

**व्याख्या:-**

– राजस्थान में उच्च किस्म का 11 से 14% वाला बेरेलियम खनिज मिलता है।
– राज्य में यह खनिज आमेट (राजसमन्द), गुजरवाडा (जयपुर), शिकारगढ़ी, सिलेका, चम्पागुढ़ा (उदयपुर) में पाया जाता है। इसका प्रमुख उपयोग परमाणु शक्ति के रूप में होता है।

**51. [b]**

**व्याख्या:-**

– भारतीय संविधान के अनुच्छेद-352 के तहत यदि राष्ट्रपति को यह समाधान हो जाता है कि युद्ध या बाह्य आक्रमण या सशस्त्र विद्रोह के कारण भारत या उसके राज्यक्षेत्र के किसी भाग की सुरक्षा संकट में है तो वह उद्घोषणा द्वारा राष्ट्रीय आपात की घोषणा कर सकता हैं।
– मूल संविधान के अनुच्छेद-352 के उल्लिखित शब्द आंतरिक अशान्ति के स्थान पर 44वें संशोधन, 1978 में 'सशस्त्र विद्रोह' शब्द जोड़ा गया।

**52. [c]**

**व्याख्या:-**

– **संसदीय समितियाँ दो प्रकार की होती हैं-**
– **(i) स्थायी समिति -** ये समितियाँ स्थायी प्रकृति की होती हैं, जो अविरलता के आधार पर कार्य करती है, जिनका गठन प्रत्येक वर्ष या समय-समय पर किया जाता है।
– **(ii) तदर्थ समिति -** यह समिति अस्थायी प्रकृति की होती है तथा जिस उद्देश्य से उसका गठन किया जाता है, वह समाप्त होते ही इनका कार्यकाल भी खत्म हो जाता है, ये समितियाँ अस्तित्व विहिन हो जाती हैं।

**53. [a]**

**व्याख्या:-**

– लोक लेखा समिति एक वित्तीय समिति है, सर्वप्रथम इसका गठन वर्ष 1921 में गठन किया गया था, जिसमें कुल 15 सदस्य होते थे।

- वर्ष 1954-55 में इस समिति में सदस्यों की कुल संख्या 22 की गई, जिसमें 15 सदस्य लोकसभा तथा 7 सदस्य राज्यसभा से होते हैं।
- वर्ष 1967 से इस समिति का अध्यक्ष विपक्षी दल के किसी सदस्य को बनाया जाता है, जिसका मनोनयन लोकसभा अध्यक्ष करता है।

**54. [b]**

**व्याख्या:-**

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद-221 के तहत उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के वेतन-भत्तों तथा पेंशन का निर्धारण संसद द्वारा किया जाता है।
- इनके वेतन एवं भत्ते राज्यों की संचित निधि पर भारित होते हैं, लेकिन पेंशन भारत की संचित निधि पर भारित होती है।

**55. [a]**

**व्याख्या:-**

- अनुच्छेद-51 - अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा में अभिवृद्धि
- अनुच्छेद-48(क) - पर्यावरण संरक्षण और वन्य जीवों की रक्षा
- अनुच्छेद-43(क) - उद्योगों के प्रबंधन में कामगारों की भागीदारी
- अनुच्छेद-41 - कुछ दशाओं में काम, शिक्षा और लोक सहायता पाने का अधिकार।

**56. [d]**

**व्याख्या:-**

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद-16 में लोक नियोजन के विषय में अवसर की समता प्रदान की गई है, जिसमें सरकारी रोजगार में नागरिकों के लिए समान अवसरों का प्रावधान किया गया है।
- लोक नियोजन में किसी व्यक्ति को धर्म, मूलवंश, जाति, लंग, जन्मस्थान व निवास के आधार पर योग्य नहीं ठहराया जाएगा।

**57. [a]**

**व्याख्या:-**

- 91वें संविधान संशोधन, 2003 के द्वारा अनुच्छेद- 75(1)(A) जोड़ा गया तथा मंत्रिपरिषद् के आकार को निश्चित किया गया है। केन्द्रीय मंत्रिपरिषद् में प्रधानमंत्री सहित मंत्रियों की अधिकतम संख्या लोकसभा की कुल सदस्य संख्या के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं होगी तथा न्यूनतम का निर्धारण नहीं है।
- इसका उद्देश्य दोषियों को लोकपद धारण करने से रोकना तथा दल-बदल कानून को मजबूती प्रदान करना है।

**58. [c]**

**व्याख्या:-**

- **अनुच्छेद-151:** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) केंद्र सरकार के लेखों से संबंधित अपनी रिपोर्ट राष्ट्रपति को सौंपता है, और राज्य सरकार के लेखों से संबंधित अपनी रिपोर्ट राज्यपाल को सौंपता है।
- **अनुच्छेद-149:** संघ और राज्यों के लेखाओं का परीक्षा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) द्वारा किया जाएगा।
- **अनुच्छेद-148 (4):** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक अपने पद पर नहीं रहने के बाद भारत सरकार या राज्य सरकार के अधीन किसी और पद के लिए पात्र नहीं होगा।
- **अनुच्छेद-150:** संघ और राज्यों के लेखाओं को ऐसे प्रारूप में रखा जाएगा, जो राष्ट्रपति और नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की सलाह पर तय किया जाएगा।

**59. [a]**

**व्याख्या:-**

- राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गठित समिति की सिफारिश के आधार पर की जाती है।
- इस समिति में निम्नलिखित सदस्य होते हैं-

  (1) प्रधानमंत्री (2) लोकसभा अध्यक्ष

  (3) दोनों सदनों के विपक्षी नेता

  (4) केन्द्रीय गृह मंत्री
- राष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के तहत इस आयोग का गठन किया गया।

**60. [d]**

**व्याख्या:-**

- **अनुच्छेद-324:** भारतीय संविधान के अनुच्छेद-324 के तहत भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा संसद और प्रत्येक राज्य के विधानमंडल के लिए निर्वाचन, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के पद के लिए निर्वाचन का संचालन तथा निर्वाचक नामावली तैयार करने जैसे कार्यों का अधीक्षण, निदेशन और नियंत्रण किया जाता है।
- **अनुच्छेद-356:** अनुच्छेद-356 के तहत यदि संबंधित राज्य की विधानसभा के सामान्य निर्वाचन करवाने के लिए अनुकूल स्थिति नहीं है, तो निर्वाचन आयोग राष्ट्रपति को उस राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की सिफारिश कर सकता है।

**61. [d]**

**व्याख्या :-**

- महान्यायवादी केन्द्रीय कैबिनेट का सदस्य नहीं होता है। वह सरकार का विधिक सलाहकार होता है, लेकिन कैबिनेट का हिस्सा नहीं होता।
- महान्यायवादी भारत सरकार का प्रथम विधि अधिकारी होता है। वह सरकारी मामलों में विधिक सलाह प्रदान करता है और सरकार के लिए अदालतों में प्रतिनिधित्व करता है।
- महान्यायवादी का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद-76 में वर्णित है। यह अनुच्छेद महान्यायवादी की नियुक्ति, योग्यता और उसके कर्तव्यों के बारे में विवरण प्रदान करता है।
- महान्यायवादी की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। राष्ट्रपति की सलाह पर प्रधानमंत्री और केंद्रीय कैबिनेट के साथ परामर्श करके इस पद पर नियुक्ति की जाती है।
- संसद के दोनों सदनों की बैठक में भाग ले सकता है। महान्यायवादी संसद के दोनों सदनों में उपस्थिति दर्ज कर सकता है और वहां विधिक मामलों पर सलाह प्रदान कर सकता है, लेकिन वह मतदान का अधिकार नहीं रखता।
- उसे निजी विधिक कार्यवाही करने से नहीं रोका जा सकता है। हालांकि महान्यायवादी सरकारी मामलों में काम करता है, वह अपनी निजी प्रैक्टिस भी कर सकता है।

**62. [c]**

**व्याख्या:-**

– संसद के दोनों सदनों के बीच गतिरोध उत्पन्न होने पर अनुच्छेद 108 के तहत राष्ट्रपति संयुक्त बैठक का आयोजन करवाते हैं। इस अनुच्छेद के अनुसार, यदि लोकसभा और राज्यसभा के बीच किसी विधेयक पर मतभेद होता है और उसे हल नहीं किया जा सकता, तो राष्ट्रपति दोनों सदनों की संयुक्त बैठक (Joint Sitting) बुला सकते हैं। इस बैठक का आयोजन लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति के नेतृत्व में किया जाता है।

**63. [d]**

**व्याख्या:-**

– केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य (1973) वाद में उच्चतम न्यायालय के के निर्णय निम्नलिखित हैं-
1. प्रस्तावना संविधान का एक भाग है।
2. प्रस्तावना में संशोधन (मूलभूत ढाँचे के अलावा) किया जा सकता है।
3. संविधान के निर्वाचन में प्रस्तावना का बहुत बड़ा महत्त्व है।
4. प्रस्तावना न्याय योग्य नहीं है अर्थात् इसके आधार पर कोई निर्णय नहीं दिया जा सकता है।

**64. [c]**

**व्याख्या:-**

– भारतीय संविधान के अनुच्छेद-54 के अनुसार, राष्ट्रपति का निर्वाचन एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है जिसमें निम्नलिखित सदस्य होते हैं:
1. संसद के दोनों सदनों (लोकसभा तथा राज्यसभा) के निर्वाचित सदस्य।
2. राज्यों की विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य।

**65. [d]**

**व्याख्या:-**

– भारत के मुख्य न्यायाधीश पी.एन. भगवती जिनका कार्यकाल जुलाई, 1985 से दिसम्बर, 1986 था, को भारत में जनहित याचिका (PIL) का जनक किसे कहा जाता है।

– जनहित याचिका की अवधारणा अमेरिकी न्यायशास्त्र से ली गई है। भारत में इसकी शुरुआत 1980 के दशक में हुई।

– 16 जून, 2017 को पी.एन. भगवती का निधन हुआ।

**66. [a]**

**व्याख्या:-**

– भारतीय संविधान के अनुच्छेद-163 और संबंधित प्रावधानों के अनुसार-

**(1) अनुच्छेद-163 के अनुसार**, राज्यपाल को उसके स्वविवेकी कार्यों को छोड़कर अन्य कार्यों में सहायता और सलाह प्रदान करने के लिए एक मंत्रिपरिषद् होगी, जिसका प्रमुख मुख्यमंत्री होगा। राज्यपाल को मंत्रिपरिषद् के सलाह पर कार्य करने की आवश्यकता होती है, लेकिन उसकी स्वविवेकी शक्तियाँ विशेष मामलों में उसे स्वतंत्रता देती हैं।

**(2) राज्यपाल की स्वविवेकी शक्ति-** राज्यपाल की स्वविवेकी शक्ति ऐसी शक्तियाँ हैं जिनका प्रयोग वह अपनी विवेकाधीनता से करता है और इन मामलों में वह राज्य की मंत्रिपरिषद् द्वारा दी गई सलाह की बाध्यता से मुक्त हो सकता है। उदाहरण के लिए, कुछ विशेष परिस्थितियों में, जैसे कि राष्ट्रपति शासन लागू करने की सिफारिश, राज्यपाल स्वविवेक से निर्णय ले सकता है।

**(3) मुख्यमंत्री की नियुक्ति-** राज्यपाल मुख्यमंत्री को नियुक्त करता है। संविधान के अनुसार, राज्यपाल वह व्यक्ति नियुक्त करता है जो राज्य की विधानसभा में बहुमत में होता है।

**67. [b]**

**व्याख्या :-**

– राज्य लोक सेवा आयोग एक संवैधानिक संस्था है।

– भारतीय संविधान के अनुच्छेद-315 से 323 तक राज्य लोक सेवा आयोग से संबंधित उपबंध।

– **राज्य लोक सेवा आयोग की सरंचना:**
(1) आधे सदस्यों को भारत सरकार या राज्य सरकार के अधीन कम से कम 10 वर्ष काम करने का अनुभव होना चाहिए।
(2) भारतीय संविधान ने राज्यपाल को अध्यक्ष सदस्यों की संख्या व शर्तें निर्धारित करने का अधिकार दिया है।
(3) वर्तमान में राज्य लोक सेवा आयोग में अध्यक्ष सहित सदस्य कुल संख्या 8 हैं।

**68. [c]**

**व्याख्या:-**

– भारत में वर्तमान में कुल 25 उच्च न्यायालय हैं, जिनमें से 3 का क्षेत्राधिकार एक से अधिक राज्यों पर है।

– संघ-राज्य क्षेत्र दिल्ली का भी अपना उच्च न्यायालय है।

– उच्च न्यायालय के न्यायाधीश 62 वर्ष तक अपने पद पर बने रह सकते हैं।

**69. [d]**

**व्याख्या:-**

– **मुख्य सचिव:** राज्य के मुख्य सचिव की नियुक्ति राज्य के मुख्यमंत्री द्वारा की जाती है न कि राज्यपाल द्वारा।

– राज्य के मुख्य सचिव के पद हेतु कोई कार्यकाल निश्चित नहीं होता है।

– वर्तमान में राजस्थान के मुख्य सचिव सुधांशु पन्त है।

**70. [c]**

**व्याख्या:-**

– विधानसभा चुनावों के लिए जमानत राशि निम्नलिखित है–
सामान्य व अन्य पिछड़ा वर्ग - 10,000 रुपये
अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति - 5,000 रुपये

– विधानसभा क्षेत्र में डाले गए वैध मतों का 1/6 मत प्राप्त करने पर प्रत्याशी को जमानत राशि वापस लौटा दी जाती है।

**71. [a]**

**व्याख्या:-**

| समिति | अध्यक्ष |
|---|---|
| 1. पंचायतों के प्रशासन एवं वित्तीय मामलों के लिए समिति - 1973 | गिरधारी लाल व्यास |
| 2. ग्रामीण विकास एवं गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम की प्रशासनिक व्यवस्था के लिए समिति – 1985 | जी. वी. के. राव समिति |
| 3. पंचायती राज प्रशिक्षण केन्द्रों पर गठित समिति 1966 | जी. रामचंद्रन |
| 4. पंचायत एवं सहकारी समितियों पर गठित कार्य दल – 1961 | D. एस. बी. मिश्रा |

**72. [c]**

**व्याख्या:-**

- जिला दण्डनायक के रूप में जिला कलेक्टर के कार्य निम्नलिखित है-
  1. जिला दण्डनायक के रूप में वह अधीनस्थ न्यायालयों का पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण तथा जेलों के प्रशासन का निरीक्षण करता है।
  2. कानून एवं व्यवस्था बनाए रखना।
  3. विदेशियों के परपत्रों की जाँच करना।
  4. पुलिस पर नियंत्रण बनाए रखना।

**73. [b]**

**व्याख्या:-**

- भारतीय संविधान के 74वें संविधान संशोधन द्वारा नगरपालिकाओं को 18 विषय प्रदान किए गए-
- लोक स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन।
- अग्निशमन सेवाएँ।
- शहरी वानिकी, पर्यावरण संरक्षण आदि को प्रोत्साहन।
- समाज के कमजोर वर्गों के हितों को संरक्षण, जिसमें विकलांगों एवं मानसिक विक्षिप्त व्यक्तियों की सहायता।
- झुग्गी-झोंपड़ी सुधार (बस्तियों का सुधार उन्नयन)।
- शहरी निर्धनता उन्मूलन।
- शहरी सुविधाओं में वृद्धि, जिनमें पार्कों, उद्यानों एवं खेल के मैदानों की स्थापना एवं रख-रखाव भी सम्मिलित हैं।
- सांस्कृतिक, शैक्षिक एवं अन्य कार्यक्रमों को प्रोत्साहन।
- नगर योजना।
- भूमि उपयोग पर नियंत्रण एवं भवनों का निर्माण।
- आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए योजनाओं का निर्माण।
- सड़कें एवं पुल।
- घरेलू, वाणिज्यिक एवं औद्योगिक उद्देश्यों के लिए पानी की आपूर्ति।
- श्मशानों (दाह संस्कार स्थल) एवं विद्युत शवदाह गृहों की उचित व्यवस्था।
- चरागाहों की व्यवस्था एवं आवारा पशुओं पर रोक।
- जन्म एवं मृत्यु का पंजीकरण।
- प्रकाश व्यवस्था पार्किंग स्थलों, बस स्टॉप एवं जन-सुविधा परिसरों इत्यादि की स्थापना।
- बूचड़खानों का प्रबंधन।

**74. [c]**

**व्याख्या:-**

- संविधान के अनुच्छेद-179(b) के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष अपना पद विधानसभा उपाध्यक्ष को संबोधित करके त्याग सकेगा तथा उपाध्यक्ष, अध्यक्ष को संबोधित अपने हस्ताक्षर सहित लेख द्वारा पद त्याग सकेगा।

**75. [d]**

**व्याख्या:-**

- राज्य मानवाधिकार आयोग का गठन राज्य मानवाधिकार आयोग अधिनियम, 1999 के तहत किया गया था इसलिए यह एक सांविधिक निकाय है जिसमें एक अध्यक्ष एवं दो सदस्यों का प्रावधान होने के कारण यह एक बहुसदस्यीय संस्था है।

**76. [c]**

**व्याख्या :-**

दूध : पानी = 5 : 3

कुल मात्रा = 60 लीटर

$\therefore$ दूध की मात्रा $= \frac{5}{8} \times 60 = 37.5$ लीटर

पानी की मात्रा $= \frac{3}{8} \times 60 = 22.5$ लीटर

माना मिलाए जाने वाले पानी की मात्रा = x लीटर

$\therefore$ प्रश्नानुसार

$$\frac{37.5}{22.5 + x} = \frac{1}{2}$$

$22.5 + x = 2 \times 37.5$

$x = 75 - 22.5$

52.5 लीटर

**77. [d]**

**व्याख्या:-**

A : B : C

13600 : 8500 : 11900

8 : 5 : 7

C का लाभ = 7: = 560

1: = 80

B का लाभ = 5: = 5×80 = 400

**78. [c]**

**व्याख्या:-**

माना आय = 100

खाने-पीने–रहने = 50, शेष = 50


परोपकार = 50 × $\frac{25}{100} = 12.5$

शेष = 50 – 12.5 = 37.5

आय = $\frac{4200}{37.5} \times 100 = 11200$

**79. [b]**

**व्याख्या :–**




रास्ते का क्षेत्रफल = 112 × 78 - 107 × 73

= 8736 – 7811

= 925m$^2$

खर्च = 925 × 2 = 1850 रुपये

**80. [b]**

**व्याख्या :-**

$$A = P\left(1+\frac{R}{100}\right)^t$$

$$4000 = 2000\left(1+\frac{R}{100}\right)^2$$

$$2 = 1\left(1+\frac{R}{100}\right)^2$$

$$2^2 = 1\left(1+\frac{R}{100}\right)^{2\times2}$$

$$4 = 1\left(1+\frac{R}{100}\right)^4$$

दोनों पक्ष में 2000 से गुणा करने पर

$$8000 = 2000\left(1+\frac{R}{100}\right)^4$$

अत: 4 वर्ष में धनराशि 8000 हो जाएगा।

**81. [c]**

**व्याख्या :-**

- दी गई संख्याओं को आरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर 5, 17, 17, 32, 32, 35, 37, 45, 45, 45, 64, 68, 78, 93 पदों की संख्या (n) = 14 (सम)

$\therefore$ माध्यिका = $\dfrac{\left(\frac{n}{2}\right)\text{वें पद का मान} + \left(\frac{n}{2}+1\right)\text{वें पद का मान}}{2}$

$$\frac{\left(\frac{14}{2}\right)\text{वें पद का मान} + \left(\frac{14}{2}+1\right)\text{वें पद का मान}}{2}$$

$$= \frac{7\text{वें पद का मान} + 8\text{वें पद का मान}}{2}$$

$$= \frac{37+45}{2} = \frac{82}{2} = 41$$

**82. [c]**

**व्याख्या :-**

| X | F | Fx |
|---|---|---|
| 2 | 1 | 2×1 = 2 |
| 5 | 5 | 5×5 = 25 |
| 7 | 4 | 7 × 4 = 28 |
| 9 | 7 | 9× 7= 63 |
| 11 | 3 | 11×3 = 33 |
| | $\sum f = 20$ | $\sum fx = 151$ |

समान्तर माध्य = $\overline{X} = \dfrac{\sum fx}{\sum f} = = \dfrac{151}{20} = 7.55$

**83. [a]**

**व्याख्या :-**

रग्बी खेलने वाले खिलाड़ियों की संख्या

= 4200 का 13%

$= 4200 \times \frac{13}{100} = 546$

रग्बी खेलने वाली महिला खिलाड़ियों की संख्या = 2000 का 10%

= 2000× $\frac{10}{100}$ = 200

$\therefore$ रग्बी खेलने वाले पुरुष खिलाड़ियों की संख्या = 546 – 200 = 346

लॉन टेनिस खेलने वाली महिला खिलाड़ियों की संख्या = 2000 का 22% $= 2000 \times \frac{22}{100} = 440$

$\therefore$ अभीष्ट अन्तर = 440 – 346 = 94

**84. [c]**

**व्याख्या :-**

– महिला क्रिकेटरों की संख्या

= 2000 का 40%

$= 2000 \times \frac{40}{100} = 800$

हॉकी खेलने वाले पुरुषों की संख्या

= 4200 का 10% – 2000 का 15%

$= \frac{4200\times10}{100} - \frac{2000\times15}{100}$

= 420 – 300 = 120

$\therefore$ अभीष्ट अनुपात = 800 : 120

= 20 : 3

**85. [d]**

**व्याख्या:-**

– 18 गेंदों में से दो गेंदें चुनने का तरीका

= $^{18}C_2 = \frac{18\times17}{2}$

4 पीली गेंदों में से एक गेंदें चुनने का तरीका


$= {}^4C_1 = 4$

6 नीली गेंदों में से एक गेंद चुनने का तरीका $= {}^6C_1 = 6$

$\therefore$ प्रायिकता $= \dfrac{{}^4C_1 \times {}^6C_1}{{}^{18}C_2} = \dfrac{4\times 6}{\frac{18\times 17}{2}} = \dfrac{8}{51}$

**86. [c]**

**व्याख्या:-**




**87. [b]**

**व्याख्या:-**


**5, 7, 17, 55, ?**

×1+2 ×2+3 ×3+4 ×4+5

अत: 55 × 4 + 5 = 220 + 5 = 225

**88. [a]**

**व्याख्या:-**




$OA = \sqrt{OB^2 + AB^2}$

$= \sqrt{4^2 + 3^2}$

$= \sqrt{16+9}$

= 5 km

अत: अन्त में रवि अपने प्रारम्भिक स्थान से 5 m दूर उत्तर-पश्चिम दिशा में होगा।

**89. [a]**

**व्याख्या:-**

– अपराधियों को पुलिस पकड़ती है, परंतु प्रश्न में 'पुलिस' को 'शिक्षक' कहा गया है। अत: अपराधियों को शिक्षक पकड़ेंगे।

**90. [c]**

**व्याख्या :-**

– दोनों कार्यवाहियाँ उचित हैं, क्योंकि आम के उचित उपभोग पर सरकार को निर्णय लेने का अधिकार है, जिससे कि प्राकृतिक सम्पदा को नष्ट होने से रोका जाए, आपूर्ति अधिक होने पर सम्भावना बनती है कि उपभोग के अतिरिक्त आम सड़ सकता है। अत: दोनों कार्यवाहियाँ उचित हैं।


**91. [b]**

**व्याख्या:-**

– केवल तर्क II प्रबल है, सेना में भर्ती होने पर स्त्री और पुरुष दोनों को असामान्य परिस्थितियों में रहने की ट्रेनिंग दी जाती है। वर्तमान समय में स्त्रियों और पुरुषों दोनों में कोई अन्तर नहीं रह गया है, स्त्रियाँ आज सभी क्षेत्रों में पुरुषों से कदम मिलाकर चल रहीं हैं। अत: स्त्रियों को मोर्चों पर तैनात किया जाना चाहिए।

**92. [b]**

**व्याख्या:-**



आकृति (b) प्रश्न आकृति की सह-प्रतिबिम्ब होगी।

**93. [c]**

**व्याख्या :-**

– शब्द के प्रत्येक स्वर को उसके बाद के चौथे अक्षर द्वारा तथा प्रत्येक व्यंजन को उसके बाद के तीसरे अक्षर द्वारा प्रतिस्थापित करने पर –

| V | I | C | T | O | R | Y |
|---|---|---|---|---|---|---|
| +3↓ | +4↓ | +3↓ | +3↓ | +4↓ | +3↓ | +3↓ |
| Y | M | F | W | S | U | B |

**94. [a]**

**व्याख्या :-**

– कथन से स्पष्ट है कि प्राइवेट टैक्सी का किराया पेट्रोल की कीमतों पर निर्भर करता है, क्योंकि कथन में यह उल्लेख है कि पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि के बावजूद किराया नहीं बढ़ा है। अत: पूर्वानुमान I अंतर्निहित है। परन्तु पूर्वानुमान II अंतर्निहित नहीं है, क्योंकि कथन से यह पता नहीं चलता कि प्राइवेट टैक्सी पर नियंत्रण सरकार का है।

**95. [b]**

**व्याख्या:-**

– कथन से केवल निष्कर्ष II ही निकलता है, क्योंकि कहा गया है कि साहसी व्यक्तियों का भाग्य साथ देता है अर्थात् सफलता के लिए जोखिम उठाना जरूरी है।

**96. [a]**

**व्याख्या :-**

– विटामिन-$B_9$ का रासायनिक नाम फॉलिक अम्ल है, जिसकी खोज वर्ष 1934 में लूसी विल्स ने की थी।

– विटामिन-$B_9$ की कमी से RBC का परिपक्व न हो पाने से रक्त में बड़े आकार की अपरिपक्व RBC दिखाई देती है, जिसे मेगालोब्लास्टिक एनीमिया कहते हैं।

**97. [d]**

**व्याख्या:-**

– ऑस्टियोब्लास्ट कोशिकाएँ पेरिऑस्टियम, एण्डोऑस्टियम तथा मैट्रिक्स में पायी जाती है, जो अस्थियों का निर्माण करती हैं।

– पेरिऑस्टियम में कोलेजन तंतु समूह के रूप में व्यवस्थित होते हैं, जिसे शार्पे तंतु कहते हैं।

**98. [d]**

**व्याख्या:-**

- आवासीय विखण्डन, अतिदोहन, सहविलुप्तता, विक्षुब्धन आदि जैव-विविधता की क्षति के प्रमुख कारणों में से एक हैं।
- मानवीय गतिविधियों या प्राकृतिक कारणों से जब जीवों के प्राकृतिक आवास नष्ट होने लगते हैं, तो जीवों की प्रजातियाँ धीरे-धीरे विलुप्त होने से जैव-विविधता में कमी आती है।
- जीवों के प्राकृतिक आवासों में आने वाले परिवर्तन को विक्षुब्धन कहते हैं। ये विक्षुब्धन प्राकृतिक आवासों में आग लगने, सुखा पड़ने, खनन आदि से होता हैं।
- जब मानवीय आवश्यकताएँ लालच में बदलती हैं, तो उनके द्वारा प्राकृतिक संसाधनों के अतिदोहन से उस पर निर्भर जीवों का अस्तित्व पर संकट मंडराता रहता है।
- दो या दो से अधिक जीवों की प्रजातियाँ, जो एक-दूसरे पर निर्भर रहती है, यदि उनमे से एक जीव की प्रजाति नष्ट होने से दूसरे जीवों की संख्या में कमी आना स्वाभाविक है।

**99. [c]**

**व्याख्या:-**

- मैन्नोज, ग्लूकोज, गेलेक्टोज तथा फ्रक्टोज हेक्सोस शर्करा हैं।
- 6 कार्बन युक्त शर्कराएँ हेक्सोज शर्कराएँ कहलाती है।
- 4 कार्बन युक्त शर्करा ट्रेटोज शर्करा कहलाती है।
- इरिथ्रोज तथा थ्रिओज शर्करा ट्रेटोज शर्करा हैं।

**100. [b]**

**व्याख्या:-**

- रिचर्ड फिलिप फिनमैन– विश्व में नैनो तकनीक के जनक
- प्रोफेसर नोरियो तानिगुची – नैनो तकनीक शब्द दिया।
- C.N.R. Rao – भारत में नैनो तकनीक के जनक
- गर्ड बिन्निंग – STM सूक्ष्मदर्शी का आविष्कार

**101. [c]**

**व्याख्या:-**

- रेस्ट्रिक्शन एण्डो न्यूक्लियेज एंजाइम्स या प्रतिबंधित एंजाइम्स के खोजकर्ता आर्बर, नाथन, स्मिथ है।
- सर्वप्रथम खोजा गया प्रतिबंधित एंजाइम्स का नाम E Co RI है।

**102. [c]**

**व्याख्या:-**

- लाई-फाई (Light Fidelity – Li-Fi) एक ऐसी वायरलेस तकनीक है जिसके तहत एलईडी का प्रयोग डेटा भेजने के लिए किया जाता है।
- यह वाई-फाई की तुलना में सौ गुना तेजी से कार्य करती है।
- इस तकनीक के अंतर्गत डेटा भेजने के लिए वीएलसी (Visible Light Communication - VLC) का उपयोग किया जाता है।

**103. [c]**

**व्याख्या:-**

- जब कोई प्रकाश किरण सघन माध्यम से विरल माध्यम में प्रवेश करती है तथा आपतन कोण का मान क्रांतिक कोण से अधिक हो तो वह प्रकाश किरण पुन: उसी सघन माध्यम में लौट जाती है, जिसे प्रकाश का पूर्ण आन्तरिक परावर्तन कहते हैं।

**पूर्ण आंतरिक परावर्तन के लिए दो शर्तें-**

- प्रकाश का सघन माध्यम से विरल माध्यम में प्रवेश करना।
- आपतन कोण का मान क्रांतिक कोण के मान से अधिक होना चाहिए।

**104. [b]**

**व्याख्या:-**

- दिष्टधारा का मान तथा दिशा समय के साथ अपरिवर्तित रहते हैं।
- दिष्टधारा का उत्पादन सेलों में होता है।
- दिष्टधारा की अधिकतम वोल्टता 650 वोल्ट होती है।
- दिष्टधारा विद्युत का रासायनिक प्रभाव दर्शाती है।

**105. [b]**

**व्याख्या :-**

- **विभिन रसायन एवं उनके सामान्य नाम-**
- सोडियम बाइकार्बोनेट - बेकिंग सोडा
- सोडियम कार्बोनेट - वॉशिंग सोडा
- नाइट्रस ऑक्साइड - लाफिंग गैस
- हाइड्रेटेड कैल्सियम - प्लास्टर ऑफ पेरिस

**106. [d]**

**व्याख्या:-**

- पराश्रव्य तरंगों के निम्नलिखित प्रमुख उपयोग हैं-
  1. किसी विशेष दिशा में संकेत भेजना।
  2. समुद्र की गहराई ज्ञात करना एवं छिपे पदार्थों का पता लगाना।
  3. मस्तिष्क ट्यूमर का पता लगाना।
  4. पौधों की वृद्धि में।
  5. गठिया रोग का उपचार।

**107. [c]**

**व्याख्या:-**

- क्रिस्टलीकरण विधि का प्रयोग ठोस पदार्थों को शुद्ध करने में किया जाता है।
- इस विधि से क्रिस्टल के रूप में शुद्ध ठोस को विलयन से पृथक् किया जाता है।
- उदाहरण-
  1. समुद्री जल द्वारा प्राप्त नमक को शुद्ध करना।
  2. अशुद्ध नमूने से फिटकरी को पृथक् करना।
- नमक से कपूर को पृथक् करना ऊर्ध्वपातन (Sublimation) का अनुप्रयोग है।
- वायु से विभिन्न गैसों को पृथक् करना आसवन (Fractional Distillation) का उदाहरण है।

**108. [b]**

**व्याख्या :-**

- IGMDP को औपचारिक रूप से 26 जुलाई, 1983 को भारत सरकार की मंजूरी मिली।
- IGMDP का मुख्य उद्देश्य मिसाइल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करना था।
- IGMDP कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वारा किया गया था।

  IGMDP के तहत विकसित मिसाइलें हैं:-
- पृथ्वी, अग्नि, त्रिशूल, आकाश, नाग

**109. [b]**

**व्याख्या :-**

– Space wave propagation (अंतरिक्ष तरंग संचरण)
– अति उच्च आवृत्ति तथा परा/अल्ट्रा उच्च आवृत्ति की तरंगों को अंतरिक्ष तरंग सचरण कहते हैं। (30MHz –300MHz तक)
– यह तरंगें आयन मण्डल द्वारा परावर्तित नहीं होती है, क्योकि इनकी पेनिट्रेशन पॉवर तथा आवृत्ति ज्यादा होती है।

**110. [a]**

**व्याख्या:-**

– एक प्रदत्त प्रजाति, एक ही समय पर एक ही पारिस्थितिकी तंत्र में एक से अधिक पोषण रीतियों में अधिष्ठित हो सकती है। उदाहरण के लिए एक गौरैया जब बीज, फल व मटर खाती है, तो वह प्राथमिक उपभोक्ता है, किंतु जब वह कीटों एवं केंचुओं को खाती है, तब वह द्वितीयक उपभोक्ता है। इसी प्रकार मानव को भी प्राथमिक, द्वितीयक एवं तृतीयक तीनों पोषण रीतियों में शामिल कर सकते हैं।

**111. [b]**

**व्याख्या:-**

– दो या दो से अधिक धातुओं अथवा एक धातु या एक अधातु के समांगी मिश्रण को मिश्रधातु या मिश्रातु कहते हैं।
– **सामान्य मिश्रधातुओं के उदाहरण में शामिल है-**
– स्टील, लोहे (धातु) और कार्बन (गैर-धातु) का एक संयोजन।
– काँसा, ताँबा (धातु) और टिन (धातु) की एक मिश्रधातु।
– पीतल, ताँबा और जिंक (धातु) की एक मिश्रधातु।
– टाँका (Solder), सीसे और टिन की एक मिश्रधातु।
– मिश्रधातु के गुण- मिश्रात्वन धातु के गुणधर्मो को बेहतर करने की प्रक्रिया है।
– शुद्ध धातुओं में उपयोगी गुण होते हैं, जैसे- कि अच्छी विद्युत चालकता, उच्च शक्ति और कठोरता या गर्मी और संरक्षारण (जंग) प्रतिरोधकता।

**112. [d]**

**व्याख्या:-**

– रक्त, तरल संयोजी ऊतक (Fluid Connective Tissue) है।
– स्वस्थ व्यक्ति में सामान्यत: 5-6 लीटर रक्त होता है।
– महिलाओं में पुरुषों की तुलना में $\frac{1}{2}$ लीटर रक्त कम होता है, क्योंकि महिलाओं में RBC की संख्या कम होती है।
– रक्त का अध्ययन करने वाली विज्ञान की शाखा को 'हीमेटोलॉजी' कहते हैं।
– रक्त के निर्माण की प्रक्रिया को 'हिमोपोइसिस' कहते हैं।

**113. [a]**

**व्याख्या:-**

– समुद्र तल से ऊपर जाने पर वायुदाब में कमी आती जाती है, जिसके परिणामस्वरूप जल का क्वथनांक बिंदु कम हो जाता है, अर्थात् जल अपने क्वथनांक बिंदु (100°C) से कम तापमान पर ही उलबने लगता है।
– यही कारण है कि पहाड़ी क्षेत्रों में खाना बनाने के लिए अधिक ऊर्जा, समय व कठिनाई का सामना करना पड़ता है।
– इसके विपरीत दाब में वृद्धि होने पर जल का क्वथनांक बढ़ जाता है।
– यही कारण है कि प्रेशर कुकर में खाना जल्दी पक जाता है।

**114. [b]**

**व्याख्या:-**

– पृथ्वी पर रहने वाले तमाम जीव-जंतुओं और पेड़-पौधों को बचाने तथा दुनिया भर में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लक्ष्य के साथ 22 अप्रैल के दिन 'पृथ्वी दिवस' यानी 'अर्थ डे' मनाया जाता है। 22 अप्रैल, 2024 को विश्व पृथ्वी दिवस की थीम ग्रह बनाम प्लास्टिक है।

**115. [c]**

**व्याख्या:-**

– फिलिप्स नामक अर्थशास्त्री द्वारा बेराजगारी तथा मुद्रास्फीति में विपरीत सम्बन्ध प्रस्तुत किया गया है।
– फिलिप्स वक्र कुल मांग और कुल आपूर्ति के पारंपरिक व्यापक आर्थिक मॉडल पर आधारित है।
– मुद्रास्फीति वस्तुओं और सेवाओं की बढ़ती मांग का परिणाम है।

**116. [a]**

**व्याख्या :-**

– F.R.B.M. Act-2003 के अंतर्गत राजकोषीय घाटे की सहनीय सीमा 3% निर्धारित की गई है।
– **F.R.B.M.Act का पूर्ण रूप है-**
Fiscal Reponisibility and Budget Management Act.-2003

**117. [a]**

**व्याख्या:-**

– E-market place modal में ई-कामर्स कम्पनी द्वारा इंटरनेट पर विभिन्न उत्पादकों तथा ग्राहकों को बाजार उपलबध करवाया जाता है। ई-कामर्स का अपना कोई स्टॉक नहीं होता है केवल सूचना, पैकेजिंग, डिलीवरी आदि की सुविधा उपलब्ध करवाता है।

**118. [c]**

**व्याख्या :-**

– आधार वर्ष (Base Year) में परिवर्तन के कारण मुद्रास्फीति (Inflation) पर पड़ने वाले प्रभाव को आधार वर्ष प्रभाव (Base Year Effect) कहते हैं।
– **विपन्नता सूचकांक :-** यह बेरोजगारी तथा मुद्रास्फीति के योग से प्राप्त किया जाता है मुद्रास्फीति व बेरोजगारी के नकारात्मक प्रभावों को प्रदर्शित करता है।
– **त्याग अनुपात :-** मुद्रास्फीति में 1% की कमी करने पर GDP में होने वाली **%** कमी त्याग अनुपात कहलाती है।

**119. [d]**

**व्याख्या:-**

– GDP किसी देश की सीमा में एक वर्ष में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं एवं सेवाओं का मौद्रिक मूल्य है।
– GNP किसी देश की सीमा में एक वर्ष में उत्पादित सभी अंतिम वस्तुओं एवं सेवाओं का मौद्रिक मूल्य है।

**120. [b]**

**व्याख्या:-**

- अगस्त, 1949 में राष्ट्रीय आय समिति का गठन किया गया जिसके अध्यक्ष प्रो. पी.सी. महालनोबिस थे।
- राष्ट्रीय आय समिति ने अपनी पहली रिपोर्ट वर्ष 1951 में प्रस्तुत की, जिसके अनुसार वर्ष 1948-49 में भारत का राष्ट्रीय आय 8650 करोड़ रुपए तथा प्रति व्यक्ति आय 246.9 रुपए थी।
- राष्ट्रीय आय के आँकड़ों की गणना करने हेतु केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय C.S.O. की स्थापना वर्ष 1951 में नई दिल्ली में की गई जिसके प्रथम अध्यक्ष प्रो. पी.सी. महालनोबिस थे जिन्हें 'भारतीय सांख्यिकी का जनक' भी कहा जाता है।
- सर्वप्रथम CSO द्वारा 1956 में राष्ट्रीय आय के आँकड़े जारी किए गए।
- 23 मई, 2019 को CSO तथा NSSO को मिलाकर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (NSO) किया गया जो वर्तमान में राष्ट्रीय आय के आँकड़े जारी करता है।

**121. [b]**

**व्याख्या:-**

- वर्ष 2023-24 के अग्रिम अनुमानों के अनुसार राजस्थान का शुद्ध राज्य घरेलू उत्पाद स्थिर (2011-12) कीमतों पर 8.45 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। वर्ष 2022-23 की तुलना में वर्ष 2023-24 में 8.03 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**122. [d]**

**व्याख्या:-**

- राजस्थान में पेट्रोलियम उत्पादक क्षेत्र 4 पेट्रोलीफेरस बेसिन के अन्तर्गत लगभग 1,50,000 वर्ग किमी. (14 जिलों) क्षेत्र में विस्तृत है।
  (1) बाड़मेर-सांचौर बेसिन – बाड़मेर, सांचौर एवं जालौर जिले
  (2) जैसलमेर बेसिन - जैसलमेर जिला
  (3) बीकानेर-नागौर बेसिन - बीकानेर, नागौर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ एवं चूरू जिले
  (4) विंध्यन बेसिन – कोटा, बाराँ, बूँदी, झालावाड़ जिले तथा भीलवाड़ा एवं चित्तौड़गढ़ जिलों का कुछ हिस्सा

**123. [a]**

**व्याख्या:-**

- प्रचलित बुनियादी मूल्य पर जी.एस.वी.ए. में सेवा क्षेत्र के विभिन्न उप-क्षेत्रों के परिप्रेक्ष्य में व्यापार, होटल और जलपान गृह का योगदान वर्ष 2023-24 में 28.01 प्रतिशत अनुमानित है।

**124. [d]**

**व्याख्या:-**

- **इन्दिरा महिला शक्ति निधि (आई.एम.शक्ति):** राजस्थान सरकार ने 18 दिसम्बर, 2019 को 1,000 करोड़ रुपये के बजट आवंटन के साथ इस निधि की घोषणा की है। यह योजना महिलाओं के सर्वांगीण सशक्तीकरण पर केन्द्रित होगी। कौशल विकास की सभी योजनाओं को एक साथ एक छत के नीचे लाया जाएगा, जिसे इन्दिरा महिला शक्ति निधि कहा जाएगा।
- इस योजना के घटक: (1) IMS उद्यम प्रोत्साहन योजना (2) IMS प्रक्षिक्षण एवं कौशल संवर्धन।

**125. [d]**

**व्याख्या:-**

- **मुख्यमंत्री कोरोना सहायता योजना-2021** : राजस्थान में कोरोना से अनाथ हो चुके बच्चों और विधवाओं के लिए राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री कोरोना सहायता योजना को 25 जून, 2021 को प्रारंभ किया।
- इस योजना के तहत ऐसे बच्चों को पहली बार में 1 लाख रुपए के साथ 18 साल तक हर माह 2500 रुपये आर्थिक सहायता के रूप में तथा 2000 रुपये की राशि सालाना उपलब्ध कराई जाती है। साथ ही 18 साल की उम्र पूरी होने पर इन्हें एकमुश्त 5 लाख रुपये भी दिए जाएँगे तथा बजट 2023-24 में ऐसे बच्चों के लिए 18 वर्ष पूर्ण होने पर सरकारी नौकरी का भी प्रावधान किया गया है। विधवाओं को भी पेंशन देने की योजना है, जिसमें महिला को 1 लाख रुपये की तत्काल राशि तथा 1500 रुपये की पेंशन प्रतिमाह व उनके बच्चों को 1000 प्रतिमाह साथ ही 2000 रुपये सालाना प्रदान किये जाते है।
- 12वीं तक पढ़ाई आवासीय विद्यालय या छात्रावास के जरिए सरकार फ्री कराएगी।
- कॉलेज में पढ़ने वाली छात्राओं को सरकार की ओर से संचालित छात्रावासों में प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाएगा, जबकि कॉलेज में पढ़ने वाले छात्रों को आवासीय सुविधा के लिए अम्बेडकर DBT वाउचर योजना का लाभ दिया जाएगा। साथ ही जो युवा बेरोजगार हैं, उन्हें मुख्यमंत्री युवा संबल योजना के तहत बेरोजगारी भत्ता दिए जाने में प्राथमिकता दी जाएगी।

**126. [c]**

**व्याख्या:-**

- घर-घर औषधि योजना के प्रदेश स्तर पर क्रियान्वयन के 18 अप्रैल, 2021 को राजस्थान राज्य मंत्रिमंडल द्वारा निर्णय लिया गया था तथा शुरुआत 01 अगस्त, 2021 को हुई थी।
- इस योजना का क्रियान्वयन वन विभाग द्वारा किया जा रहा है।
- इस योजना के तहत 1.26 करोड़ परिवारों को 5 वर्षों में (वर्ष 2021-22 से 2025-26) तीन बार में तुलसी, गिलोय, अश्वगंधा और कालमेघ के दो-दो पौधे सहित कुल 8 औषधीय पौधे नि:शुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं।
- योजना के क्रियान्वयन के लिए जिलों में जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स गठित की जाएगी तथा राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में मॉनिटरिंग कमेटी का गठन किया जाएगा।

**127. [b]**

**व्याख्या:-**

- वर्ष 2009 में राज्य में हथकढ़ शराब से जुड़े परिवारों के पुनर्वास के लिए 'नवजीवन योजना' शुरू की गई थी। इसके अच्छे परिणामों के मध्यनजर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य बजट 2021-22 में योजना को बढ़ाने और नशे की आदत के खिलाफ प्रदेश में जन-जागरूकता अभियान चलाने की घोषणा की थी।

**128. [c]**

**व्याख्या:-**

- **डांग क्षेत्र विकास कार्यक्रम** वर्ष 2005-06 में राजस्थान सरकार द्वारा प्रारम्भ किया गया।
- डांग क्षेत्र बीहड़ तथा संकुचित घाटी युक्त दस्यु ग्रस्त तथा पिछड़े हुए क्षेत्र है।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य इस क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विकास एवं सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है।
- यह कार्यक्रम 9 जिलों (सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर, बारां, झालावाड़, गंगापुर सिटी, भरतपुर, कोटा एवं बून्दी) में लागू है।

**129. [c]**

**व्याख्या:-**

- राज्य में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की पहल पर कक्षा एक से 8वीं तक के बच्चों को 'मुख्यमंत्री बाल गोपाल योजना' के तहत राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को पाउडर से तैयार दूध सप्ताह में 6 दिन उपलब्ध करवाया जाता है।
- कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों को 150 मिलीलीटर(15 ग्राम) एवं कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को 200 मिलीलीटर(20 ग्राम) दूध वितरित किया जाएगा।
- इस योजना की घोषणा वित्तीय वर्ष 2022-23 के राज्य बजट में की गई थी।
- इसके लिए पाउडर मिल्क की खरीद राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन (RCDF) से की जाएगी।
- इसका उत्तरदायित्व विद्यालय प्रबंधन समिति का होगा। योजना के प्रभावी एवं सुव्यस्थित क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तर पर मिड-डे मील आयुक्त उत्तरदायी होंगे। इसी प्रकार जिला स्तर पर जिला कलेक्टर, ब्लॉक स्तर पर मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत उत्तरदायी होंगे।

**130. [c]**

**व्याख्या:-**

- मुख्यमंत्री कलाकार प्रोत्साहन योजना-2023 की शुरुआत राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के द्वारा की गई है।
- इसके तहत कला पर आश्रित, आर्थिक रूप से कमजोर व जरूरतमन्द कलाकारों को कलाकार कल्याण कोष से विशेष आर्थिक सहायता 5000/- रुपये एकमुश्त प्रदान करने की योजना है। इस योजना के तहत कलाकारों को राजकीय कार्यक्रमों में 100 दिन तक कला प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।
- **योजना के लिए पात्रता:-**
- लाभार्थी राजस्थान का मूल निवासी होना चाहिए।
- लाभार्थी को विभिन्न कला विद्याओं, यथा– लोककला, नाट्य कला, शास्त्रीय संगीत, सुगम संगीत, भक्ति संगीत, शास्त्रीय एवं लोक नृत्य, उद्घोषक, मदारी, बहरूपिया, जादूकला एवं अन्य प्रदर्शनात्मक कला से जुड़ा होना चाहिए।
- एक परिवार से एक व्यक्ति ही सहायता का पात्र होगा। परिवार शब्द से तात्पर्य माता-पिता, पति-पत्नी व आश्रित बच्चे (जिनकी उम्र 25 वर्ष से कम हो) होगा।
- लाभार्थी के परिवार की वार्षिक आय 1,80,000/- रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।
- लाभार्थी की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए।

**131. [c]**

**व्याख्या:-**

- **इंदिरा गाँधी मातृत्व पोषण योजना** 19 नवंबर, 2020 से प्रतापगढ़, डूँगरपुर, बाँसवाड़ा, उदयपुर तथा सहरिया बहुल जिला बारां में प्रारंभ की गई थी।
- राजस्थान बजट 2022-23 में इस योजना को पूरे राज्य में लागू किए जाने की घोषणा की गई।
- इसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली महिलाओं और तीन वर्ष तक बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की स्थिति में सुधार लाना है।
- इस योजना के अंतर्गत दूसरे बच्चे के जन्म पर लाभार्थी को पाँच चरणों में रूपये 6,000 सीधे खाते में हस्तांतरित किए जाते हैं।

**132. [b]**

**व्याख्या:-**

- स्मार्ट विलेज योजना की घोषणा वर्ष 2017-18 के बजट में की गई थी।
- इस योजना के तहत 3,000 से अधिक आबादी वाले गाँवों का चयन कर शहर जैसी आधुनिक सुविधाओं के साथ गांवों को विकसित करने के लिए प्रारम्भ की गई थी।
- इस योजना में 3,275 गाँवों को स्मार्ट विलेज के रूप में विकसित करने के लिए चयन किया गया।

**133. [b]**

**व्याख्या:**

- **सिएट क्रिकेट रेटिंग अवॉर्ड्स 2023-2024 :-**
- रोहित शर्मा को पुरुष अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर ऑफ द ईयर के रूप में चुना गया है।
- विराट कोहली को पुरुष वनडे बल्लेबाज ऑफ द ईयर के सम्मान से नवाजा गया है।
- मोहम्मद शमी को वनडे गेंदबाज ऑफ द ईयर के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, जो उनकी गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन को दर्शाता है।
- राहुल द्रविड को लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिला है।

**134. [a]**

**व्याख्या:-**

- श्रीलंका और एक भारतीय कंपनी के बीच द्वीपीय देश में संयुक्त चक्रीय विद्युत संयंत्र के लिए एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता श्रीलंका की एलटीएल होल्डिंग्स लिमिटेड और भारत की पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड के बीच हुआ है। इस समझौते के तहत उत्तरी कोलंबो के केरावलपिटिया में सोबधांवी संयुक्त चक्रीय विद्युत संयंत्र के लिए भंडारण, पुनर्गैसीकरण और एलएनजी (लिक्विफाइड नेचुरल गैस) आपूर्ति हेतु बुनियादी ढांचे का विकास किया जाएगा।
- इस परियोजना का उद्देश्य श्रीलंका में ऊर्जा क्षेत्र की क्षमता को बढ़ाना और स्थिरता में योगदान देना है। पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड और एलटीएल होल्डिंग्स लिमिटेड के बीच इस सहयोग से दोनों देशों के बीच ऊर्जा सुरक्षा और तकनीकी सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

**135. [a]**

**व्याख्या:-**

– हाल ही में केरल ने निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट के मामलों को निपटाने के लिए देश का पहला डिजिटल कोर्ट शुरू किया है। इस डिजिटल कोर्ट की शुरुआत के साथ, केरल ने न्यायिक प्रक्रियाओं को आधुनिक बनाने और उन्हें अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम उठाया है।

– उच्च न्यायालय के सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में, न्यायमूर्ति गवई ने वी सॉल्व वर्चुअल सॉल्यूशन मेकर नामक ऑनलाइन विवाद समाधान मंच का भी शुभारंभ किया। इस मंच का उद्देश्य सभी हितधारकों को ऑनलाइन विचार-विमर्श की सुविधा प्रदान करना है, जिससे न्यायिक प्रक्रियाओं को और अधिक पारदर्शी और सुविधाजनक बनाया जा सके।

**136. [b]**

**व्याख्या:-**

– भारत सरकार ने महाराष्ट्र में गुणवत्तापूर्ण और किफायती तृतीयक स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा तक पहुंच में सुधार के लिए एशियाई विकास बैंक (ADB) के साथ 500 मिलियन अमरीकी डॉलर के ऋण पैकेज पर हस्ताक्षर किए हैं।

– इस ऋण पैकेज के तहत वंचित जिलों में जलवायु और आपदा प्रतिरोधी, लिंग संवेदनशील और सामाजिक रूप से समावेशी विशेषताओं को शामिल करते हुए चार मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। ये मेडिकल कॉलेज तृतीयक देखभाल शिक्षण अस्पतालों से जुड़े होंगे, जिससे उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी।

**137. [c]**

**व्याख्या:-**

– डूंगरपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में निकल और क्रोमियम के चार ब्लॉक्स और फ्लोराइड का एक महत्त्वपूर्ण भंडार खोजा गया है। यह खोज विशेष रूप से निम्नलिखित ब्लॉक्स में की गई है: माधुगामडापाल: 4.92 स्क्वायर किमी, देवल: 99.24 हेक्टेयर, रोहतवाड़ा: 852 हेक्टेयर, खानमीन: 892 हेक्टेयर।

**138. [c]**

**व्याख्या:-**

– 'राजस्थान डिजिटल हैल्थ मिशन' 15 अगस्त, 2024 को गजेंद्र सिंह खींवसर द्वारा प्रारंभ किया गया। इस मिशन के तहत आभा आईडी बनाने, हैल्थ केयर प्रोफेशनल रजिस्ट्री, हैल्थ केयर फेसिलिटी रजिस्ट्री, IHMS, AI डैशबोर्ड, टेलीकंसलटेशन जैसी अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएगी।

– राजस्थान आभा आईडी बनाने के मामले में देश में 7वें स्थान पर है तथा हैल्थ केयर फैसेलिटी रजिस्ट्री में तीसरे एवं हैल्थ केयर प्रोफेशनल रजिस्ट्री में छठे स्थान पर है।

**139. [a]**

**व्याख्या:-**

– मिस राजस्थान-2023 की विजेता 23 वर्षीय **वैष्णवी शर्मा** ने **'फेमिना मिस इंडिया राजस्थान-2024'** का खिताब जीता है। ये राजस्थान का प्रतिनिधित्व फेमिना मिस इंडिया में करेंगी।

– वैष्णवी शर्मा को हाल ही में राजस्थान के राज्यपाल ने 'वुमन आइकन अवॉर्ड-2024' से सम्मानित किया है।

**140. [c]**

**व्याख्या:-**

– राजीव गांधी क्रिकेट क्लब की ओर से राजीव गांधी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड क्रीड़ा परिषद् की क्रिकेट अकादमी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीसीसीआई के पिच क्यूरेटर तापोश चटर्जी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

**141. [c]**

**व्याख्या:-**

– **राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट-2024** :

– **आयोजन** : यह समिट 9 से 11 **दिसंबर**, 2024 तक जयपुर में आयोजित होगी।

– **समिट की थीम**: "REPLETE, RESPONSIBLE, READY" (पूर्ण, जिम्मेदार, तैयार)।

– **उद्देश्य**: इस समिट का प्रमुख लक्ष्य राजस्थान को अगले 5 वर्षों में 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था में बदलना है। इसके साथ ही, विकसित राजस्थान कार्य योजना को आगे बढ़ाना भी एक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य है।

– **निवेशक आकर्षण**: समिट से पहले देश और विदेश में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए रोड शो आयोजित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, राइजिंग राजस्थान शिखर सम्मेलन से पहले देश और दुनिया भर के प्रमुख व्यापारिक शहरों में निवेशक सम्मेलनों की एक श्रृंखला और जयपुर में सेक्टर-केंद्रित सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

**142. [b]**

**व्याख्या:-**

– कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर ने 17 अगस्त 2024 को किसानों के लिए किसान कॉल सेंटर (KCC) का शुभारंभ किया। यह कॉल सेंटर राजस्थान में विश्वविद्यालय स्तर पर किसानों को कॉल सेंटर सेवा प्रदान करने वाला पहला संस्थान है।

– **सेवा का उद्देश्य-** किसानों को घर बैठे खेती-बाड़ी से संबंधित विभिन्न समस्याओं का समाधान उपलब्ध करवाना।
किसानों की समस्याओं का समाधान विशेषज्ञों के माध्यम से किया जाएगा, जो विभिन्न कृषि विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

**143. [a]**

**व्याख्या:-**

– पाली (मारवाड़) की विख्यात माण्ड गायिका की 95 वर्षीया श्रीमती गवरी राव को वीर दुर्गादास राठौड़ लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से नवाजा गया। यह पुरस्कार उन्हें माण्ड, लोकगीत एवं पारम्परिक भजन गायन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर दिए गए उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया गया।

– यह पुरस्कार वीर दुर्गादास राठौड़ स्मृति समिति द्वारा प्रदान किया जाता है।

**144. [a]**

**व्याख्या:-**

- फ्लैट में सोलर सिस्टम से बिजली पैदा करने के लिए परीक्षण के उद्देश्य से राजस्थान विद्युत नियामक आयोग (आरईआरसी) के भवन में बालकनी सोलर सिस्टम लगाया। इसके साथ बालकनी सोलर सिस्टम का परीक्षण तथा शुरुआत करने वाला राजस्थान देश का पहला राज्य बन गया।

**145. [a]**

**व्याख्या:-**

- जोधपुर ग्रामीण जिले के लूणी खंड का आयुष्मान आरोग्य मंदिर कांकाणी देश का क्वालिटी सर्टिफाइड केंद्र बना है। क्वालिटी इंश्योरेंस के तहत जोधपुर ग्रामीण के आयुष्मान आरोग्य मंदिर कांकाणी सभी मापदंडों पर सफल रहा है। गौरतलब है कि नेशनल हेल्थ सिस्टम्स रिसॉर्स सेंटर द्वारा जारी पत्र में राजस्थान के आठ आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का चयन हुआ है, जिसमें 79.88 प्रतिशत अंक के साथ कांकाणी ने जिले के प्रथम भारत सरकार द्वारा क्वालिटी सर्टिफाइड होने का गौरव प्राप्त हुआ है।

**146. [c]**

**व्याख्या:-**

- भारत-श्रीलंका संयुक्त सैन्य अभ्यास मित्र शक्ति का 10वां संस्करण श्रीलंका के मदुरु ओया स्थित आर्मी ट्रेनिंग स्कूल में आरंभ हुआ, जिसमें राजपूताना राइफल्स की उदयपुर बटालियन भाग ले रही है।
- यह अभ्यास 12 से 25 अगस्त 2024 तक आयोजित किया जा रहा है।

**147. [a]**

**व्याख्या:-**

- आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 28 अगस्त 2024 को राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (NICDP) के तहत 12 औद्योगिक नोड्स शहरों को मंजूरी दी है। ये परियोजनाएँ 10 राज्यों में विस्तारित की जाएंगी और प्रमुख औद्योगिक गलियारों के साथ जुड़ी होंगी।
- **मंजूर किए गए औद्योगिक नोड्स शहर:**
    1. उत्तराखंड: सुरपिया
    2. पंजाब: राजपुरा, पटियाला
    3. महाराष्ट्र: रिपी
    4. केरल: पलक्कड
    5. उत्तर प्रदेश: आगरा, प्रयागराज
    6. बिहार: गया
    7. तेलंगाना:
    8. आंध्र प्रदेश: ओराल, कोग्यधर्थी
    9. राजस्थान: जोधपुर-पाली

**148. [c]**

**व्याख्या:-**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 30 अगस्त, 2024 को वधवन बंदरगाह की आधारशिला रखी। यह बंदरगाह महाराष्ट्र के पालघर जिले में स्थित होगा और इसे देश का सबसे बड़ा गहरे पानी का बंदरगाह बनने के लिए तैयार किया जाएगा।
- वधवन पोर्ट प्रोजेक्ट लिमिटेड (VPPL) द्वारा परियोजना का निर्माण किया जाएगा।
- जवाहरलाल नेहरू पोर्ट अथॉरिटी और महाराष्ट्र मेरीटाइम बोर्ड इस परियोजना में साझेदार हैं, जिसमें उनकी हिस्सेदारी क्रमशः 74% और 26% है।
- वधवन पोर्ट को एक होनफील्ड ड्रॉप ड्राफ्ट मेजर पोर्ट के रूप में विकसित किया जाएगा, जो सभी मौसमों में संचालन योग्य होगा।

**149. [a]**

**व्याख्या:-**

- 70वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड्स की घोषणा हाल ही में की गई है।
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार ऋषभ शेट्टी ने अपनी ब्लॉकबस्टर फिल्म "कंतारा" के लिए जीता।
- सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का सम्मान नित्या मेनन और मानसी पारेख ने साझा किया, जिसमें नित्या मेनन को तमिल फिल्म "थिरुचित्रम्बलम" में उनकी भूमिका के लिए पुरस्कार मिला तथा मानसी पारेख को गुजराती फिल्म "कच्छ एक्सप्रेस" के लिए पुरस्कार प्राप्त हुआ।

**150. [b]**

**व्याख्या:-**


- हाल ही में मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर में 646 करोड़ रुपये के लगत 90 मेगावाट ऊर्जा उत्पादन करने वाली फ्लोटिंग सौर परियोजना चालू हो गई है। यह परियोजना मध्य और उत्तर भारत की सबसे बड़ी फ्लोटिंग सौर परियोजना है।

♦♦♦♦

# मुश्किल परीक्षाएं भी आसान लगेगी

## जब करेंगे लक्ष्य एप के संग तैयारी

**मौका है, अपनी तैयारी को सिलेक्शन वाली तैयारी बनाने का**





**LIVE FROM CLASSROOM**

**ONLINE/OFFLINE COURSE**

RAS | CET | REET

PATWAR | शिक्षक

- Test Series
- Recorded Courses
- Downloadable Classes
- Free Quizzes
- Video & Audio Lecture
- Previous Year Paper
- Free Current Affair
- Doubt Solving Session



INSTAGRAM | FACEBOOK | YOUTUBE | TELEGRAM

Scan to Download Lakshya App Now

Google play

सफलता के पथ पर सबसे तेज उभरता हुआ संस्थान

**लक्ष्य क्लासेज™**

Sector - 4, Main Road, Udaipur (Raj.)

M. 6376957258, 6376491126